PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 2







## फर्जी डॉक्टर का एक और अस्पताल सील, आरोपी स्टाफ समेत फरार

**अहमदाबाद:** फर्जी डॉक्टर का एक और मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल सील किया गया है। आरोपी फर्जी डॉक्टर मेडिकल उपकरण लेकर अपने स्टाफ के साथ फरार हो गया है। दअहमदाबाद जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शैलेष परमार ने पिछले दिनों फर्जी चिकित्सक डा. मेहुल चावडा के बावला तालुका के केराला गांव में अवैध अनन्या हॉस्पिटल को सील किया था। टीम ने उसी के सामने चल रहे अन्य मल्टीस्पेशियलिटी मोरैया हास्पिटल पर भी छापेमारी की। हालांकि, इस कार्यवाही से पहले फर्जी डॉक्टर और नर्सिंग स्टाफ मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

**वीडियो वायरल होने के बाद कार्रवाई**

अहमदाबाद जिले के बावला तालुका के केराला गांव में मेहूल चावड़ा नामक फर्जी डॉक्टर मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल चला रहा था। इलाज के नाम पर यह फर्जी डॉक्टर मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहा था। साथ ही लाखों रुपये की अवैध कमाई करने में जुटा था। मरीज का इलाज करते समय फर्जी डॉक्टर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह मरीज का इलाज करता दिखाई दे रहा था। यह वीडियो मरीज के परिवार ने बनाया था। इनकी बेटी को इलाज के लिए अनन्या मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल एडमिट किया गया था। बाद में उसकी मौत हो गई हुई थी। इस वायरल वीडियो की जांच के आदेश जारी हुए और मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी डा. शैलेश परमार की अगुवाई में टीम ने पुलिस के साथ अनन्या मल्टी स्पेशलिटी अस्पताल पर रेड की। जांच के बाद अस्पताल को सील कर दिया गया। अब फर्जी डॉक्टर का एक और मल्टीस्पेशियलिटी हॉस्पिटल सील किया गया है।




## भारतीय फार्मा उद्योग को गुणवत्ता की शिद्दत से दरकार, बजट पर आस

**नई दिल्ली:** भारतीय फार्मा उद्योग को गुणवत्ता की शिद्दत से दरकार है। गौरतलब है कि भारत विश्वभर में दवा सप्लाई में 80 प्रतिशत की भागीदारी रखता है। इसके बावजूद फार्मा उद्योग को दवा की गुणवत्ता में बढ़ोतरी लाने और इस क्षेत्र में बड़े पैमाने पर अनुसंधान व विकास (आरएंडडी) की जरूरत है। इससे फार्मा सेक्टर में इनोवेशन और क्रिटिकल दवा का निर्माण घरेलू स्तर पर शुरू हो सकेगा। साथ ही दवा के कच्चे माल का भी यहां बड़े पैमाने पर उत्पादन संभव होगा।

सरकार से बजट में फार्मा आरएंडडी के लिए विशेष फंड देने की मांग की गई है। उद्यमियों का मानना है कि फार्मा इंडस्ट्री की गुणवत्ता को भी बढ़ाए जाने की जरूरत है और बजट में इस दिशा में भी कदम उठाया जाना चाहिए। वहीं, नए केमिकल बनाने वाली कंपनियों को इंसेंटिव देने की भी गुजारिश की गई है। बता दें कि बीते साल इंडोनेशिया, नाइजीरिया, तजाकिस्तान, श्रीलंका जैसे कई देशों में भारतीय दवा की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठे हैं। बजट में दवा निर्माता कंपनियों के अनुपालन भार को कम करने की भी मांग उठाई गई है। बीते तीन सालों से देश के फार्मा व ड्रग निर्यात में लगातार बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

2023-24 में निर्यात 9.7 प्रतिशत की बढ़ोतरी के साथ 27.9 अरब डॉलर के स्तर पर दर्ज किया गया है। वर्ष 2030 तक इसे 130 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा गया है। पिरामल फार्मा लिमिटेड की चेयरमैन नंदिनी पिरामल का मानना है कि भारतीय दवा के निर्यात की बड़ी संभावनाएं हैं। बजट में सरकार को दवा निर्यात के प्रोत्साहन के लिए इंसेंटिव की घोषणा करनी चाहिए। इससे कंपनियां बड़े निवेश के लिए प्रोत्साहित हो सकेंगी। गौरतलब है कि तीन साल पहले तक दवा के कच्चे माल के लिए भारत मुख्य रूप से चीन पर निर्भर था। कोरोना काल में इसकी गंभीरता को देखते हुए सरकार ने दवा के कच्चे माल के निर्माण के लिए प्रोडक्शन लिंक्ड इंसेंटिव (पीएलआई) स्कीम की घोषणा की। इसके तहत 40 से अधिक कंपनियां आईं और कई ने उत्पादन भी शुरू कर दिया है। फार्मा के घरेलू उत्पादन और निर्यात में बढ़ोतरी को देखते हुए फार्मा उद्यमी इस सेक्टर को अब रिसर्च व इनोवेशन के सहारे नए चरण में ले जाना चाहते हैं।

उधर, मेडिकल उपकरण निर्माताओं ने सरकार से बजट में उपकरणों के आयात पर लगने वाले शुल्क को 7.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 15 प्रतिशत करने की मांग की है। एसोसिएशन आफ इंडियन मेडिकल डिवाइस इंडस्ट्री के अनुसार भारत तीन साल से 61,000 करोड़ से अधिक मूल्य के मेडिकल उपकरणों का आयात कर रहा है। वित्त वर्ष 2023-24 में यह आयात 69,000 करोड़ तक पहुंच गया। आयात शुल्क बढने से वे उपकरण महंगे हो जाएंगे और घरेलू स्तर पर निर्मित उपकरणों की मांग बढ़ेगी। घरेलू स्तर पर मेडिकल उपकरणों का उत्पादन बड़े पैमाने पर शुरू होने पर उनकी कीमत और कम हो जाएगी। इससे मरीजों को कम दाम पर उपकरण मिल सकेंगे।

## अस्पताल में मरीजों के अश्लील वीडियो बनाए, 3 नर्सों को किया Arrest

**नई दिल्ली:** अस्पताल में मरीजों के अश्लील वीडियो बनाए और उन्हें स्नैपचौट पर शेयर किया गया। तीनों आरोपी नर्सों को गिरफ्तार कर लिया और कोर्ट में केस दायर किया गया है। आरोप है कि ये तीनों नर्स अस्पताल में भर्ती बुजुर्ग मरीजों के अश्लील वीडियो बनाती थीं और उन्हें स्नैपचौट पर शेयर करती थीं। यही नहीं, इन तीनों ने मुर्दाघर में आने वाले शवों को भी नहीं बख्शा। पुलिस टीम को इनके मोबाइल से मृत लोगों की तस्वीरें और वीडियो मिले हैं। मामला सामने आने के बाद तीनों नर्सों को अस्पताल प्रशासन ने नौकरी से निकाल दिया है। नर्सिंग के पवित्र पेशे को तीन नर्सों ने शर्मसार कर डाला है। ओक्लाहोमा के एक अस्पताल में मरीजों के मजाक भरे और अश्लील वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद से बाद हडकंप मचा है। मामला संज्ञान में आते ही हॉस्पिटल प्रशासन ने आरोपी तीन नर्सों को तुरंत ड्यूटी से हटा दिया। इन तीनों नर्सों के नाम जेड विलियम्स, ऑब्रे ग्रेनाटा और मैकेंजी बोल्फा बताए गए हैं। ये तीनों शहर के गोल्डन एज हॉस्पिटल में नौकरी करती थीं और यहीं पर इन्होंने मरीजों के साथ अश्लील वीडियो बनाए। जिन वीडियो के आधार पर इन तीनों के ऊपर केस दर्ज किया गया है, उनमें इन्होंने बुजुर्ग मरीजों का मजाक बनाया है। एक वीडियो में एक मरीज को बिस्तर पर लेटे हुए दिखाया गया है। वह शर्ट और डायपर पहने हुए है और उसकी चादर गंदगी से भरी है। दूसरे वीडियो में एक मरीज को कमर से नीचे नग्न अवस्था में दिखाया गया है। कुछ वीडियो में ये तीनों उनकी हालत का मजाक बनाती हुई दिख रही हैं। ये तीनों नर्स एक वीडियो में मुर्दाघर में रखे एक शव के बालों के साथ छेड़छाड़ करते हुए भी दिख रही हैं। बीते 24 जून को इन तीनों नर्सों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट में आरोप लगाया गया कि इन तीनों ने अपने पेशे को शर्मसार किया है। इन पर मरीजों और उनके परिजनों के भरोसे को तोडने पर हॉस्पिटल के नियमों से खिलवाड़ करने का भी आरोप लगा है।




## लेडी डॉक्टर ने एक ही अस्पताल में 20 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट किए

**नोएडा:** लेडी डॉक्टर द्वारा मात्र दो साल में एक ही अस्पताल में 20 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट किए जाने का खुलासा हुआ है। हाल ही में दिल्ली पुलिस ने एक अंतर्राष्ट्रीय किडनी ट्रांसप्लांट रैकेट का पर्दाफाश किया है। इस मामले में नया खुलसा हुआ है। रैकेट में शामिल एक महिला डॉक्टर ने महज दो साल में नोएडा के एक ही अस्पताल में 20 से ज्यादा किडनी ट्रांसप्लांट किए थे। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार नोएडा और ग्रेटर नोएडा में ऐसे छह अस्पताल हैं जो ऑर्गन ट्रांसप्लांट के लिए पंजीकृत हैं। नोएडा का स्वास्थ्य विभाग उन सबके आंकड़े जुटा रहा है। इसे दिल्ली की अपराध शाखा को सौंपा जाएगा। ऐसे में नोएडा में भी कई डॉक्टरों और अधिकारियों पर गाज गिर सकती है। गौरतलब है कि नोएडा में सेक्टर 62 में फॉर्टिस हॉस्पिटल, सेक्टर 128 में जेपी अस्पताल, ग्रेटर नोएडा में यथार्थ अस्पताल, नोएडा एक्सटेंशन में यथार्थ अस्पताल, नोएडा सेक्टर-26 में अपोलो अस्पताल और सेक्टर 104 में प्राइमा अस्पताल में अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) होता है। यथार्थ (दोनों शाखाओं) और प्राइमा अस्पताल में अब तक 119 ऑर्गन ट्रांसप्लांट हुए हैं। करीब 12 प्राइमा अस्पताल में और शेष यथार्थ अस्पताल में हुए हैं। इनमें किडनी, लिवर और हृदय प्रत्यारोपण प्रमुख हैं। बता दें कि मरीज के साथ अंगदाता के कार्यालय पहुंचने के बाद जरूरी दस्तावेज की जांच के बाद प्रक्रिया पूर्ण करने पर एनओसी दिया जाता है। इस प्रक्रिया में ट्रांसप्लांट करने वाला डॉक्टर शामिल नहीं होता है। अधिकारियों का कहना है कि डॉ. विजया राज. कुमारी इस मामले में कार्यालय नहीं आईं। उनके जिले में प्रैक्टिस करने संबंधी दस्तावेज की जांच के बाद कुछ कहा जा सकेगा। बताया गया कि यथार्थ अस्पताल में जो ट्रांसप्लांट हुए, उनमें बांग्लादेश, अफगानिस्तान समेत कई देशों से मरीज और अंगदाता पहुंचे थे।




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।




MEDIVISION PLATINUM SOFTWARE FOR PHARMA BUSINESS

- Specially made separate software for pharma retail & wholesale business
- Trusted by 35000+ users
- Serving pharma industry for more than 25 years
- Mobile apps for retailers & wholesalers
- Integrated remote access from anywhere, anytime - without VPN or other third party tools, services, maintenance
- Automatic program updates with a button click
- No separate database license required, avoid using pirated database, save on database license cost
- Simplest and instant financial year closing
- Superb speed and excellent performance
- Extremely user friendly
- Many keyboard shortcuts, no mouse required, improve working speed
- Drill down from any report up to the voucher
- Smart product/customer selection for faster operation
- Accurate accounting upto finalisation
- Efficiently manage inventory, cut losses, improve ROI
- Export any report to excel or PDF
- Directly email any report
- Fine grained user permissions
- User actions audit & reporting
- Multi-window user interface
- GST features/reports including E-way, E-invoice

ALLIED SOFTECH

Your **Trusted** Business Manager

BOOK FREE DEMO www.alliedsoftech.com +917770004720




## याबा टैब की 32.53 करोड़ की तस्करी पकड़ी

**आइजोल:** नशीली दवा याबा टैब की 32.53 करोड़ की तस्करी को रोकने में पुलिस को सफलता मिली है। वहीं, महिला समेत दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि नशीली दवा तस्करी की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने सीमावर्ती चम्फाई जिले से आइजोल जा रही एक बोलेरो कार को रोका। कार की तलाशी ली गई और 32.11 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की नशीली 10,70,600 मेथमफेटामाइन गोलियां बरामद कीं। 115.55 किलोग्राम मेथाम्फेटामाइन गोलियां (जिन्हें याबा टैबलेट या पार्टी टैबलेट भी कहा जाता है) 106 पैकेटों में रखी गई थीं। कार मालिक लालरिन्टलुआंगा (50) खुद कार चला रहा था। आरोपी ने पुलिस के सामने स्वीकारा कि उसने म्यांमार के तस्करों की मदद से सीमा पार से ड्रग्स मंगवाई थी। गौरतलब है कि मेथाम्फेटामाइन गोलियों में मेथाम्फेटामाइन और कैफीन का मिश्रण होता है और भारत के अलावा पड़ोसी देशों में उच्च खुराक वाली दवाओं के रूप में इनका बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया जाता है।

## मेडिकल स्टोर पर रेड, कीमती कैंसर रोधी दवा जब्त

**हैदराबाद:** मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर लेबल पर ज्यादा कीमत लिखी गई कैंसर रोधी दवाइयां जब्त करने में सफलता मिली है। यह कार्रवाई ड्रग्स कंट्रोल एडमिनिस्ट्रेशन के अधिकारियों ने करीमनगर स्थित मेडिकल दुकान पर की। जांच के दौरान डैकाजी 500 इंजेक्शन (डकारबाजनि इंजेक्शन आईपी 500 मिलीग्राम) जब्त किए गए। डैकाजी 500 इंजेक्शन ब्रांड नाम के तहत बेचा जाने वाला उत्पाद डकारबाजनि इंजेक्शन 500 मिलीग्राम औषधि मूल्य नियंत्रण के अंतर्गत है। उत्पाद डैकाजी 500 इंजेक्शन (डकारबाजनि इंजेक्शन आईपी 500 मिलीग्राम) बैच नंबर 323-294, एमएफजी है। इसे जी लेबोरेटरीज लिमिटेड, पोंटा साहिब, हिमाचल प्रदेश, में बनाया गया है। उत्पाद के लेबल पर एक शीशी (इंजेक्शन) के लिए 1,250/- रुपये अंकित हैं, जोकि औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 2013 का उल्लंघन है। केंद्र सरकार द्वारा इसके एक इंजेक्शन के लिए निर्धारित अधिकतम कीमत 518.79 रुपये तय है। इसलिए अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) यानी 12 प्रतिशत जीएसटी सहित रुपये से अधिक नहीं होना चाहिए। एक इंजेक्शन के लिए कुल कीमत 581/- (एमआरपी=अधिकतम कीमत+जीएसटी) फर्म ने इस इंजेक्शन के लिए अधिक कीमत वसूली। कंपनी ने प्रत्येक इंजेक्शन के लिए 668.95/- रुपए अधिक देना होगा।

## औषधि विभाग की मेडिकल स्टोर पर रेड, संचालन पर लगाई रोक

**मधुबनी (बिहार):** औषधि विभाग की टीम ने मेडिकल स्टोर पर छापेमारी कर जांच के बाद इसके संचालन पर 20 दिनों के लिए रोक लगा दी है। क्षेत्रीय अपर निदेशक एवं विसर्जन के निर्देश पर औषधि निरीक्षक निशी एल टोपनो एवं संगीता ने लदनियां प्रखंड के गाढा स्थित शिवम मेडिकल हाल पर छापेमारी की। दवा दुकान संचालक को दवा के क्रय-विक्रय पर 20 दिनों के लिए रोक लगा दी है। बता दें कि गाढा निवासी अशोक यादव ने शिवम मेडिकल स्टोर के संचालक पर अवैध दवा की बिक्री का आरोप लगाते हुए केस दर्ज करवाया था। इसके चलते आरएडीडी ने मामले की जांच औषधि निरीक्षक को सौंपी। डीआई निशी एल टोपनो ने शिवम दवा दुकान पर दबिश दी और संचालक से क्रय विक्रय के दस्तावेज मांगे। मेडिकल स्टोर संचालक इसे दिखा पाने में असमर्थ रहा। इसके चलते मेडिकल स्टोर से एक्सपेक्ट-डी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैबोरेट्री भेजा गया है। मेडिकल स्टोर को आगामी 20 दिनों के लिए बंद करवा दिया गया है। छापेमारी की जांच रिपोर्ट संबंधित पदाधिकारी को सौंप दी गई है। सैंपल की जांच रिपोर्ट आने के बाद ही आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।









# ब्लड बैंक में कमीशनखोरी का भंडाफोड़ तीन कर्मचारी हटाए, 11 को नोटिस

**मंडला (मध्य प्रदेश):** ब्लड बैंक में कमीशनखोरी का मामला सामने आया है। इस खेल से जुड़े 3 कर्मचारियों की नौकरी समाप्त कर दी गई है और 11 को कारण बताओ नोटिस देकर जवाब मांगा गया है। फिलहाल अस्पताल में सक्रिय ब्लड माफिया गिरोह के सदस्य फरार बताए जा रहे हैं।

**ब्लड बैंक कर्मियों के बीच सांठगांठ उजागर :** ब्लड माफिया और ब्लड बैंक कर्मियों के बीच सांठगांठ का मामला सामने आया है। गिरोह के लोग भोले-भाले, गरीब ग्रामीणों से मुफ्त में खून लेते और उसके बदले कर्मचारियों से मिलीभगत कर हजारों रुपये कमाते थे। मोहगांव क्षेत्र का एक ग्रामीण अस्पताल में भर्ती हुआ। उनको खून की जरूरत पड़ी तो ब्लड माफिया ने इस ग्रामीण से एक यूनिट ब्लड के बदले 34 सौ रुपये ऐंठ लिए। ग्रामीण ने इसकी शिकायत जिला और स्वास्थ्य प्रशासन से की। शिकायत मिलने पर जिला और स्वास्थ्य प्रशासन ने मामले की जांच की। जांच में ब्लड बैंक विभाग और खून के दलालों की सांठगांठ उजागर हुई। मुख्य चिकित्सा और जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि ब्लड सेंटर की अनुबंधित फर्म सूर्य चेरिटेबल ट्रस्ट मुम्बई के 3 कर्मचारियों शुभम जंघेला (लैब सुपरवाइजर), दुर्गेश और कमलेश की सेवाएं समाप्त कर दी गई हैं। वहीं लैब के नियमित टेक्नीशियन और सहायकों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। इसके अलावा, जिला चिकित्सालय के पैथोलॉजिस्ट से भी जवाब तलब किया है।

# अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, 116 प्रकार की दवाइयां जब्त, किया सील

**चंबा (हिमाचल):** अवैध मेडिकल स्टोर पर छापेमारी की गई और 116 प्रकार की दवाइयों को जब्त कर सील कर दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने चुराह क्षेत्र में बिना लाइसेंस चल रही निजी संस्था पर दबिश देकर उसे सील कर दिया है। दवा निरीक्षक ने चंबा से तीसा में जाकर यह कार्रवाई की। उनकी इस कार्रवाई के बाद चुराह के साथ-साथ पूरे जिले में झोलाछाप डॉक्टरों और दवाई विक्रेताओं में हडकंप मच गया है। निजी संस्था पिछले कई महीनों से बिना लाइसेंस दवाइयों की सप्लाई कर रही थी। दुकान की जांच के दौरान 116 प्रकार की दवाइयां मिलीं। स्वास्थ्य विभाग ने दुकान को सील कर सभी दवाइयां कब्जे में ले ली हैं। दवा निरीक्षक ने निरीक्षण के दौरान दुकान संचालक ने दवाइयों को इतनी अधिक मात्रा में रखने के लिए ड्रग लाइसेंस दिखाने को कहा। लेकिन संस्था के पास कोई लाइसेंस नहीं मिला। जबकि किसी प्रकार की दवाई रखने और बेचने के लिए ड्रग लाइसेंस होना अनिवार्य है। इसके चलते दवा दुकान को सील कर दिया गया। गौरतलब है कि दवा निरीक्षक दो महीनों में तीन दुकानें जिले में सील कर चुके हैं। इनमें एक भरमौर और दो चुराह में शामिल हैं। इससे पहले चुराह में एक बिना लाइसेंस चल रहे क्लीनिक को भी सील किया गया था।




# अब बोरोप्लस क्रीम और च्यवनप्राश समेत 5 आयुर्वेदिक उत्पाद औषधि के दायरे में

**हैदराबाद:** बोरोप्लस क्रीम और च्यवनप्राश समेत 5 आयुर्वेदिक उत्पाद औषधि के दायरे में आ गए हैं। इस संबंध में तेलंगाना उच्च न्यायालय ने 25 साल पुराने कर विवाद में फैसला सुनाया है। कोर्ट के अनुसार हिमामी और इमामी कंपनियों द्वारा उत्पादित और बिक्री किए जाने वाले पांच आयुर्वेदिक उत्पाद ख्र नवरत्न तेल , गोल्ड हल्दी क्रीम, बोरोप्लस एंटीसेप्टिक क्रीम, बोरोप्लस प्रिकली हीट पाउडर और सोना चांदी च्यवनप्राश ख्र सौंदर्य प्रसाधनों के बजाय अब औषधियों की श्रेणी में आएंगे। हाईकोर्ट के इस फैसले से इन दोनों सहयोगी कम्पनियों को कुछ अतिरिक्त कर बोझ से छुट मिलेगी। दरअसल, कॉस्मेटिक उत्पाद के रूप में 20 प्रतिशत जीएसटी लगेगा और यदि इसे उपचारात्मक गुणों वाली दवा के रूप में मान्यता मिलती है तो यह 10 फीसदी होगा।

यह सब कर निर्धारण वर्ष 1996-97 से शुरू हुआ। राज्य ने उन्हें सौंदर्य प्रसाधन के रूप में मानना शुरू किया और उन पर 20 फीसदी बिक्री कर लगाया। न्यायमूर्ति पी सैम कोशी और न्यायमूर्ति एन तुकारामजी की खंडपीठ ने दोनों पक्षों को सुना और कहा कि पांचों उत्पाद दवाओं की श्रेणी में आते हैं। यह विवाद निरोग दंत पाउडर लाल सहित छह उत्पादों के इर्द-गिर्द घूमता है।




# जेजे हॉस्पिटल का अल्ट्रासाउंड रिकॉर्ड सील, लगाई रोक

**आगरा:** स्वास्थ्य विभाग की टीम जांच के लिए जेजे हॉस्पिटल आवास विकास पहुंची। यहां अल्ट्रासाउंड फार्म पर डॉक्टर के हस्ताक्षर नहीं थे। टीम ने रिकार्ड सील करते हुए आगामी निर्देश तक अल्ट्रासाउंड पर रोक लगा दी है। रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंपी जाएगी। जानकारी अनुसार जिलाधिकारी के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम स्वास्थ्य इकाइयों की जांच में लगी है। टीम ने जेजे हॉस्पिटल में दस्तक दी। यहां अल्ट्रासाउंड के फार्म पर मरीज का पूरा विवरण था, लेकिन डॉक्टर के हस्ताक्षर नहीं पाए गए। इसके चलते टीम ने अल्ट्रासाउंड के रिकार्ड सील कर दिए। वहीं, अगले आदेश तक अल्ट्रासाउंड पर रोक लगा दी है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग की टीम 52 स्वास्थ्य इकाइयों का अब तक निरीक्षण कर चुकी है।




# फार्मा कंपनी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगा

**रामबन:** फार्मा कंपनी पर 30 हजार रुपये का जुर्माना लगाए जाने का मामला सामने आया है। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (एडीएम) वरुणजीत सिंह ने जिले में संचालित एक फार्मा कंपनी पर यह जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम 2006 के तहत की गई है। गलत ब्रांड वाले इंस्टा सी का निर्माण करने के लिए केन्ट्रॉन हेल्थकेयर सरना डुंगर, जयपुर नामक स्वास्थ्यपूरक कंपनी सहित व्यापारियों के खिलाफ जुर्माना लगाया गया है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ब्लॉक बनिहाल बेनाम शॉनवाज के इस मामले में पहले ही खुदरा विक्रेता एफबीओ पर 4000 रुपये का जुर्माना लगाया जा चुका है। कंपनी को भविष्य में सावधान रहने और एफएसएसए -2006 के प्रावधानों का अनुपालन करने की सख्त चेतावनी दी गई है। बताया गया है कि इस कार्रवाई में कई निर्माता, थोक विक्रेता और खुदरा विक्रेता प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए पाए गए हैं।



PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 5



Our Range
TABLET
CAPSULE
DRY SYRUP
OINTMENT
SYRUP
INJECTABLE
HERBAL PRODUCTS
SHAMPOO
SOAP
SOFT GEL
PROTEIN POWDER
SACHET
Our Group Companies
ZANEKA Healthcare Ltd.
Ambience Pharma
R.D.N. PHARMACEUTICALS
AvrioLifecare
Ambience Pharma
Contributing to the HEALTH of Individuals WORLD WIDE
Why WE ?
• Attractive Packing & Best Quality Medicines
• Latest Molecules & High Efficacy
• Monopoly Rights & Timely Delivery
• Competitive Price with Best Promotional Inputs
• Special Schemes for Nursing Homes & Hospitals.
• Wide Range of More than 400 Products
OUR TOP SELLING PRODUCTS
• Ampicillin 250 mg + Dicloxacillin 250 mg Capsule
• Itraconazole 400 SR / 200/ 100 Capsules
• Levofloxacin 250 mg + Ornidazole 500 mg Tablets/Kid Suspension
• Etoricoxib 60 mg + Thiocolchicoside 4 mg Tablets
• Rabeprazole 20 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Esomeprazole 40 mg + Domperidone 30 mg Capsules
• Cefpodoxime Proxetil 200 mg + Ofloxacin 200 mg Tablets
• Lyophilized Sachromyces Boulardii Sachets
• Rabeprazole 20 mg + Levosulpride 75 mg Capsules
• Lactitol Suspension
• Clopedogrel Tablets 75 mg
• Codeine Syrup
• Lactulose 10 g + White Dextrin 3.5 g + Polydextrose 2.1 g & Fructo-oligosaccharides 2.5 g Suspension
Third Party Manufacturing in WHO-GMP Unit.
Dedicated Plant for Clav Products.
TRADE ENQUIRES ARE WELCOME FOR PCD / FRANCHISEE / THIRD PARTY MANUFACTURING AT :-
Ph. +91-9997971077, +91-9627761357
Email :- ambiencepharma@gmail.com
www.ambiencepharma.com

## नशा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश, नशीली गोलियां बरामद

**बरनाला (पंजाब):** बरनाला में नशा तस्कर गिरोह का पर्दाफाश करने में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने अंतरराज्यीय नशा तस्कर गिरोह के 4 सदस्यों को उत्तर प्रदेश में छापेमारी कर गिरफ्तार किया है। तस्करों के पास से भारी मात्रा में नशीली गोलियां और एक गाड़ी जब्त की गई है। एसएसपी संदीप कुमार मलिक ने बताया कि कुछ दिन पहले पटियाला निवासी एक नशा तस्कर शिवराम को पकड़ा गया था। पुलिस ने उसके पास से 1 लाख 37 हजार 550 नशीली गोलियां बरामद की थी। उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने उत्तर प्रदेश के जिला सहारनपुर और मुजफ्फरनगर में रेड की। वहां से नश तस्कर मोहम्मद आलम, अभिषेक कुमार और आशु तीनों निवासी सहारनपुर के अलावा फरमान अली निवासी मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। मलिक ने बताया कि पकड़े गए तस्करों के पास से 4.25 लाख नशीली गोलियां और एक एक्सेंट गाड़ी बरामद की है।

GRAPHIC design
FLYER CREATION LOGO CONCEPT COMMUNICATION MARKETING
IMPORTANT ANNOUNCEMENT
In order to help my fellow colleagues to revamp their business post Covid-19
our special discounted rates for
Visual Aids designing and printing are as follows :
Charges : Book type Rs. 35 per page + Rs 200 for book binding,
Spiral bound stand type Rs. 25 per page + Rs 200 for spiral binding
(Designing Free and no restrictions on minimum numbers of visual aids to be printed) .
Visual Aids · Catch Covers · Leave Behind Cards · Reminder Cards · Dr's Request Cards · Stickers · Packing Labels · Boxes · Physician's Samples
PRINTING
Medical Writers & Illustrators
Contact or write to:
Medical Writers & Illustrators. WZ-91 B, Tatarpur (Near Metro pillar No. 431) Tagore Garden , New Delhi-110027. Mob. 9871696965 / 9971696965
Ph. 011-25458331 / 011-45613764. email: medicalwriters01@gmail.com

1st time in Bharat
6 in 1 Customizable ERP
Trusted by 90000 + of users across GLOBE
Finance · Sales Force Automation · HR-Payroll · E-commerce · Manufacturing Module · Supply Chain Management
CBO Control Business Online
The Perfect Way of Customizable ERP
CBO ERP Limited
An ISO 27001:2013 Company
We have1300+ Satisfied Companies
Our presence is in more than 10 countries
+91-9891886164 info@cboerp.com www.cboerp.com

REALNOVA HEALTHCARE
(AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY)
MORE THEN 500+ Products RANGE
Your Enquires are Welcome For PCD/Franchise & Third Party Manufacturing
WITH THE WIDE RANGE OF
TABLETS · SOFT GELATIN CAPS · PAEDIATRIC · EYE/EAR DROPS
OINTMENT/SOAP · PROTEIN POWDER · CARDIAC/DIABETIC · INJECTABLES
OZENIUS PHARMACEUTICALS · Realved · EYESUKUN CARE · Cadinor
Contact no:-
+917009737900,
+917495006399
realnovahealthcare@gmail.com
www.realnova.in
ozeniuspharma@gmail.com
www.ozeniuspharma.com

## दवा निर्माता के खिलाफ केस

**तेलंगाना:** दवा निर्माता के खिलाफ केस दर्ज किए जाने का मामला सामने आया है। औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) ने दवा मूल्य नियंत्रण आदेश (DPCO) का उल्लंघन करने पर आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के तहत हिमाचल प्रदेश स्थित दवा निर्माता पर यह केस दर्ज किया है। विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार इस मामले में मार्केटिंग कंपनी की भूमिका भी सामने आई है और वह भी भ्रष्टाचार और अनैतिक व्यापार व्यवहार के लिए उत्तरदायी है। बताया गया है कि दवा विनिर्माण कंपनी एक कैंसर-रोधी दवा की कीमत अधिक कर रही थी।

Our vision a Healthy World
Golden opportunity to join hands with fastest growing pharmaceutical company having widest range of products.
750 + Products
New Generation Molecules
Tablets · Capsules · Ointment/Gel · Sun Screen · Shampoo · Face Wash · Dusting Powder · Mouth Wash · Dry Syrup/Syrup/Suspension · Injectable · Protein Powder · Sachet · Softgel Capsule
Brand promotional inputs available like :
Visual-Aids · Leaflet & Pads · Product Glossary · Gifts · Reminder Cards · Visiting Card · Bags · Catch Cover
OVER 1200 SATISFIED CUSTOMER
All Brands are Trademark · International Standard Packing
Super Franchises/Franchisee/Promoters with sound financial background & pharma selling experience are welcome for distribution rights on monopoly basis for unrepresented areas. please contact to our Corporate Office
abc American Biocare · WELLSBURG · Solacia · Solacia · GOiND
R.C. B NO. 2, ROOM NO. 15, CHEMBUR COLONY, CHEMBUR, MUMBAI-400074
OVERSEAS OFFICE : PARK DRIVE,MELVILLE, NEW YORK - 11747 U.S.A
CORPORATE OFFICE :
American Biocare, "Maa Sharda Niwas" 266 - Napier Town, Near Bhawartal Garden, JABALPUR - 482001 (M.P)
Phone : +91-761-2450887 Mobile : 09479638088, 09424698888
E-MAIL : americanbiocare@gmail.com Visit us at : www.americanbiocare.in, www.americanbiocare.co.in

## एक सिरिंज में दे सकेंगे दो दवाओं का मिश्रण, डायबिटीज व हेमोराइड के रोगियों को होगा लाभ

**जम्मू:** एक सिरिंज में अब दो दवाओं का मिश्रण दिया जाना संभव हो गया है। इससे डायबिटीज और हेमोराइड के रोगियों को कापुी सुविधा रहेगी। बता दें कि डायबिटीज, हेमोराइड, रूट कैनाल आदि रोगों के इलाज में एक से अधिक दवाइयों का मिश्रण करना पड़ता है। उसके लिए अब मरीज को एक से अधिक बार सिरिंज नहीं लगानी होगी। एक ही सिरिंज में दो तरह की दवाओं का मिश्रण होगा और एक बार में ही मरीज का टीकाकरण हो जाएगा। गौरतलब है कि आईआईटी जम्मू में हुए इनोवेंशन फैक्ट्री कार्यक्रम में आईआईटी जम्मू की खुशबू राठौड़ और एनआईटी त्रिची के वरुण रावत ने मल्टी-ड्रग इंजेक्टर तैयार किया है। इसमें एक सिरिंज में एक से अधिक दवाइयों का आसानी से मिश्रण हो सकेगा। एनआईटी त्रिची मैकेनिकल अंतिम वर्ष के छात्र वरुण रावत ने कहा कि ओपीडी, इमरजेंसी वार्ड में एंटीइन्फ्लैमेटोरियो और दर्द निवारक को साथ में देना होता है। इसके लिए उसका अच्छे से मिश्रण होना जरूरी होता है। कई सारी दवाइयां मिलकर एक नई दवा बनाती है। सामान्य सिरिंज में इस तरह का तंत्र नहीं होता है। ऐसे में मल्टी-ड्रग इंजेक्टर काफी उपयोगी होता है।

**बेस्ट इंवेंशन का पुरस्कार मिला :** ये इंजेक्टर न सिर्फ दो दवाइयों का अच्छे से मिश्रण करेगा बल्कि उतना ही करेगा जितनी जरूरत होगी। मल्टी ड्रग्स इंजेक्टर को नोवेंशन फैक्ट्री कार्यक्रम में बेस्ट इंवेंशन का पुरस्कार मिला और पुरस्कार के रूप में दो लाख रुपये का चेक मिला।

**चौंबर से मिलेगी सटीक मिश्रण बनाने में मदद :** इंजेक्टर में दो चौंबर लगे हैं। मान लें कि डॉक्टर ने दो अलग-अलग दवाइयों का सॉल्युशन बनाना है और एक दवा का दो एमएल तो दूसरी का चार एमएल लेना है। वर्तमान में डॉक्टर को टेस्ट ट्यूब में मिश्रण करना पड़ता है। मल्टी-ड्रग इंजेक्टर में डोर सेटिंग व्यवस्था है। इसमें दोनों दवाइयों के डोज अलग-अलग तय किए जा सकते हैं। उससे डॉक्टर को काफी आसानी मिलेगी। सामान्य रूप से दो मिश्रित दवाइयों को लंबे समय तक नहीं रख सकते हैं, लेकिन इंजेक्टर दो दवाइयों को अलग-अलग रखता है। जरूरत पडने पर ट्रिगर पिन से दोनों दवाइयों का मिश्रण हो सकेगा। ये सभी सिर्फ यांत्रिक घटक की मदद से होगा और ये इंजेक्टर सामान्य सिरिंज जितना होगा। इसमें कंस्ट्रक चौंबर हैं।

Park
ISO 9001:2015 · GMP · GLP · WHO-COMPLIANS SCHEDULE M
Manufacturing Facility at Baddi, Himachal Pradesh
TABLETS · CAPSULES · LIQUIDS · INJECTION · EYE/EAR & NASAL DROPS · DRY SYRUP
Proposals Invited for Marketing Tie-ups, Contact/Third Party Manufacuturing/Export Orders
Looking Distributors on PCD/Franchisee Basis in un-represented area
SCO-206, First Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
PH : +91 92170-80009, +91 92183 98388
PARK CARE · SPACE CARE · Care Health
Works : Village Kalujhanda, Teh. Baddi (H.P.)
Corporate Office : SCO 206, 1st Floor, Sector-14, Panchkula (Haryana)
E-mail : gmcontpark@gmail.com
Web Site : www.parkpharma.net

PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 6



## मैडीकल दर्पण मीडिया हाउस की ओर से जन्मदिन पर ढेर सारी शुभकामनाएं

| | | | |
|---|---|---|---|
| SHRI VIPIN KUMAR JAIN JI | AGRA | 20/07/1975 | 9927622298 |
| Dr. SATENDRA SINGH JI | BULANDSHAHR | 20/07/1994 | 8445082809 |
| SHRI ASIF KHAN JI | JALGAON | 20/07/1984 | 9730402053 |
| MOHD. ZAMEEL AHMAD | ALWAR | 21/07/1995 | 9462525467 |
| PUSHKAR CHANDRAKANT PAKHALE JI | JALGAON | 21/07/1988 | 9970311118 |
| SHRI SAGAR D.SALVO JI | NASHIK | 21/07/1991 | 9527590590 |
| SHRI ABHIJIT MITHAPELLI JI | PUNE | 25/07/1981 | 9371015697 |
| SHRI RAJIV BAFNA JI | DHULE | 22/07/1960 | 7276132195 |
| SHRI LALWANI HIMMATBHAI JI | TAPI | 22/07/1971 | 7567945237 |
| DR. AZHAR KHAN MEWATI JI | BULANDSHAHR | 23/07/1987 | 9759633167 |
| SHRI BHARAT PATEL JI | VADODARA | 24/07/1972 | 9825040276 |
| SHRI NARESH KUMAR JAIN JI | ALWAR | 27/07/1980 | 9461231744 |
| SHRI VISHAL MANDAL JI | BULANDSHAHR | 28/07/1997 | 8979296607 |
| SHRI GANESH PUSTODE | BHANDARA | 29/07/1980 | 9422565750 |
| SHRI ATUL NAGJEKAR JI | NAGPUR | 29/07/1976 | 9823044908 |
| M.A.KALADAGI JI | BELGAUM | 30/07/1985 | 8095067848 |
| SHRI SANJAY JAIN JI | JALGAON | 30/07/1966 | 9423520916 |
| SHRI RAJESH K. RAMANI JI | SURAT | 31/07/1972 | 9825519372 |
| SHRI DEEPAK N. PATIL JI | NASHIK | 31/07/1968 | 9422255252 |
| SHRI RAKESH A. KHAIRNAR JI | NASHIK | 31/07/1983 | 9970562732 |
| MR. SANJAY KUMAR JI | MEERUT | 01/08/1974 | 8057345650 |
| SHRI VILAS TELI JI | JALGAON | 01/08/1980 | 9420386427 |
| SHRI SAURABH KANKARIYA JI | NAGPUR | 03/08/1979 | 9595324333 |
| SHRI ANAND KUMAR R.GUNDECHA JI | NASHIK | 04/08/1982 | 9850266771 |
| SHRI. DINESH CHANDRA JI | BULANDSHAHR | 04/08/1965 | 9259379229 |
| MR. SATISH DHAKULKAR JI | AMRAVATI | 04/08/1975 | 9579384017 |
| SHRI NARESH SONI JI | ALWAR | 05/08/1976 | 9929180725 |
| SHRI VINOD JI | SURAT | 06/08/1970 | 9979101595 |
| SHRI SHIVENDRA TYAGI JI | AGRA | 06/08/1984 | 9837745678 |
| SHRI UMESH MAHAJAN JI | JALGAON | 06/08/1979 | 9420384760 |
| MOHD. SABIR | DHAULPUR | 07/08/1980 | 9887589504 |
| SHRI PRASHANT PAGARIYA JI | JALGAON | 07/08/1976 | 9028309597 |
| Smt. RAJNI DEVI JI | BULANDSHAHR | 08/08/1988 | 9720319623 |
| SHRI MUKESH GARG JI | HAPUR | 08/08/1961 | 8171543966 |
| SHRI RUPESH SHAH JI | SURAT | 10/08/1970 | 9879050250 |
| SHRI MILIND KUMAR JAIN CHAODIYA JI | NASHIK | 11/08/1966 | 9834933318 |
| SHRI DINESH KHANDELWAL JI | DHULE | 12/08/1973 | 9420373600 |
| SHRI RAKESH SHARMA JI | AGRA | 12/08/1975 | 9760134868 |
| SHRI PAWAN KUMAR R. AGARWAL | NANDURABAR | 12/08/1977 | 9511829507 |
| MR. SANJAY RAMAWAT JI | CHANDRAPUR | 13/08/1971 | 9422136436 |
| SHRI SHROFF JITENDRA KUMAR JI | BANASKANTHA | 14/08/1973 | 9824002990 |
| SHRI JITENDRA JAIN JI | BHARUCH | 14/08/1981 | 9427105080 |
| MR. VIKAS RASTOGI JI | MEERUT | 14/08/1975 | 9897541391 |
| Shri VIKAS KADIAN JI | SONIPAT | 15/08/1979 | 9812672555 |
| SHRI GANPAT SINGH T RATHORE | BHARUCH | 15/08/1985 | 9909148462 |
| SHRI TEJESH GIRHEPUNJE | BHANDARA | 15/08/1947 | 9423407577 |
| DR. DEEP CHAND MITTAL JI | BULANDSHAHR | 15/08/1954 | 9760586885 |
| DR. NAIMUDDIN SAIFI JI | BULANDSHAHR | 15/08/1974 | 7535848474 |
| SHRI ROHIT SHARMA JI | BULANDSHAHR | 16/08/2003 | 8923457046 |
| DR. MEGHRAJ SINGH JI | BULANDSHAHR | 16/08/1978 | 9536501277 |
| SHRI LALIT BOROLE JI | JALGAON | 16/08/1976 | 7276742158 |
| SHRI JAIPRAKASH TEKCHANDANI JI | NAGPUR | 17/08/1978 | 9372555595 |
| SHRI MITESH Y. AGARWAL JI | GONDIA | 17/08/1992 | 9403399266 |
| SHRI MAHENDRA C. SHAH JI | KOLHAPUR | 18/08/1960 | 9890684848 |
| SHRI NAVIN AGARWAL JI | GONDIA | 18/08/1978 | 9422313303 |
| SHRI SHYAM TIWARI JI | AGRA | 20/08/1967 | 9319212295 |
| DR. PRADEEP KUMAR GAUR JI | BULANDSHAHR | 20/08/1957 | 9412858870 |
| SHRI DEVENDRA SINGH JI | ETAH | 20/08/1985 | 9719496764 |






## निजी अस्पताल में पकड़ी गईं आशा, फर्जी नाम व पते बताकर फरार

**बरेली:** निजी अस्पताल में आशाएं पकड़ी गईं तो वे मौके पर पहुंची टीम के अधिकारियों को फर्जी नाम और पता बताकर फरार हो गईं। इसका खुलासा तब हुआ, जब उनके नाम का नोटिस संबंधित सीएचसी और पीएचसी के एमओआ. इसी के पास पहुंचा। बताया गया कि जो नाम नोटिस में हैं, उस नाम की आशाएं उनके यहां कार्यरत नहीं हैं। अब वीडियो दिखाकर दूसरी आशाओं से उनकी पहचान करवाई जा रही है।

सीएमओ डॉ. विश्राम सिंह ने बताया कि उन्हें मिनी बाइपास स्थित नोवा केयर अस्पताल में देहात की आशाओं को बुलाकर बैठक की सूचना मिली थी। तत्काल स्वास्थ्य विभाग की एक टीम अस्पताल में निरीक्षण के लिए भेजी गई। अस्पताल में 05 ब्लॉक की 16 आशाएं बैठक में उपस्थित मिलीं। टीम में शामिल अधिकारियों ने उनसे बैठक में मौजूदगी का कारण पूछा, तो वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे पाई। टीम ने अस्पताल में मौजूद सभी आशाओं की फोटो-वीडियोग्राफी करवाई।






## औषधि विभाग की छापेमारी, 9 स्टोर किए बंद

**देहरादून:** औषधि विभाग ने दवा दुकानों पर छापेमारी की। विभाग ने निरीक्षण के दौरान लापरवाही मिलने पर 9 मेडिकल स्टोरों को बंद करवा दिया है। औषधि नियंत्रण विभाग की टीम ने पछवादून क्षेत्र में 14 मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान फार्मासिस्ट न मिलने और अन्य कई अनियमितताएं पाए जाने पर नौ मेडिकल स्टोरों को बंद करवा दिया है। मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस भी जारी किए हैं। नोटिस का संतोषजनक जवाब न मिलने और दस्तावेज प्रस्तुत न करने पर संबंधित मेडिकल स्टोर के लाइसेंस रद करने की कार्रवई की जाएगी।

**अनियमितता की मिली थी शिकायतें :** औषधि नियंत्रण विभाग को पछवादून क्षेत्र की दवा दुकानों में अनियमितता की शिकायतें मिल रही थी। इसके चलते ड्रग इंस्पेक्टर मानेंद्र सिंह राणा के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। ड्रग इंस्पेक्टर ने सबसे पहले सेलाकुई में राजकीय मानसिक स्वास्थ्य संस्थान के पास छह मेडिकल स्टोरों का औचक निरीक्षक किया।

इस दौरान तीन मेडिकल स्टोर में फार्मासिस्ट और मालिक दोनों ही गायब मिले। मेडिकल स्टोर में एक्सपायरी और नारकोटिक्स ड्रग का रिकॉर्ड नहीं मिला। एक्सपायर दवाओं को रखने के लिए अलग से बॉक्स भी नहीं बनाए गए थे और मेडिकल स्टोर में गंदगी पाई गई। ड्रग इंस्पेक्टर ने तत्काल मेडिकल स्टोर को बंद कर दवा के क्रय और विक्रय पर रोक लगा दी। उसके बाद ड्रग इंस्पेक्टर ने सेलाकुई, सहसपुर और बरोटीवाला में आठ मेडिकल स्टोर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान छह में फार्मासिस्ट, स्टॉक, नारकोटिक्स और एक्सपायर दवाओं के रिकॉर्ड नहीं मिले। दवाओं के भंडारण व कोल्ड चेन की व्यवस्था में भी अनियमितताएं पाई।

ड्रग इंस्पेक्टर ने मेडिकल स्टोर को बंद करवा दिया। ड्रग इंस्पेक्टर मानेंद्र सिंह राणा ने बताया कि नौ मेडिकल स्टोर संचालकों को नोटिस जारी कर व्यवस्था में सुधार और संबंधित दस्तावेज कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि सुधार न होने और दस्तावेज उपलब्ध न करवा पाने की स्थिति में संबंधित मेडिकल स्टोर के ड्रग लाइसेंस को कैंसिल कर दिया जाएगा।




PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 7









**ज्ञान धन से उत्तम है, क्योंकि धन की तुम्हें रक्षा करनी पड़ती है परन्तु ज्ञान तुम्हारी रक्षा करता है**




## शुगर की ये दवा बना सकती है अंधा


**नई दिल्ली:** शुगर और मोटापा कम करने की दवा आपको अंधेपन का शिकार बना सकती है। बता दें कि डायबिटीज और वजन कम करने के लिए बाजार में कई तरह की दवाइयां मिलती हैं। लेकिन इनके दुष्प्रभाव भी हो सकते हैं। जेएएमए ऑप्थैल्मोलॉजी में प्रकाशित एक अध्ययन में वजन घटाने और डायबिटीज के लिए दी जाने वाली दवा का संबंध ब्लाइंडनेस से बताया गया है। शेधकर्ताओं के अनुसार, जिन मरीजों को वजन घटाने या टाइप 2 डायबिटीज की दवा ओजेम्पिक या वेगोवी दी जाती है। उनमें संभावित रूप से अंधापन विकसित होने का खतरा ज्यादा होता है। मैसाचुसेट्स आई एंड ईयर अस्पताल के शोधकर्ताओं ने पाया कि मोटापे से ग्रस्त लोगों के खून में सेमाग्लूटाइड की मात्रा अधिक होती है। सेमाग्लूटाइड मोटापे या डायबिटीज की दवा ओजेम्पिक या वेगोवी में पाया जाने वाला घटक है। ऑप्टिक नर्व अंधेपन का दूसरा सबसे बड़ा कारण है। ये बेहद रेयर डिजीज है जोकि एक लाख लोगों में से केवल 10 को प्रभावित करता है। ऐसा माना जाता है कि यह ऑप्टिक नर्व सिर में ब्लड फ्लो में कमी के कारण होता है और इससे एक आंख की रोशनी भी जा सकती है।

## दवा कंपनी फ्रेंको इंडियन फॉर्मा के खिलाफ जताया विरोध

**धनबाद (झारखंड)।** दवा कंपनी के खिलाफ बीजेएसआरयू ने विरोध जताया है। मुंबई की दवा कंपनी मेसर्स फ्रेंको इंडियन फॉर्मा पर मजदूर विरोधी नीति अपनाने का आरोप लगाया गया है। बिहार-झारखंड सेल्स रिप्रेजेंटेटिव यूनियन (बीजेएसआरयू) की धनबाद इकाई के सदस्यों ने विरोध-प्रदर्शन किया। वक्ताओं ने कहा कि फार्मा कंपनी ने ट्रेड यूनियन के अधिकारों पर हमला किया है। प्रबंधन ने वेतन और व्यय प्रतिपूर्ति की मनमानी कटौती की है। यहां तक कि कंपनी ने कार्यरत सेल्स रिप्रेजेंटेटिव के बीमार पडने पर छुट्टी नहीं देने, आकस्मिक अवकाश रद्द करने, कॉन्फ्रेंस और ट्रेनिंग प्रोग्राम के कार्यक्रमों में अपमान और उत्पीडन करने जैसे हथकंडे अपनाए हैं। आरोप लगाया गया कि कंपनी ने यातना देने की नीयत से कार्यरत सेल्स रिप्रेजेंटेटिव का दूर-दराज क्षेत्र में तबादला किया।

## स्वास्थ्य विभाग की रेड, दो अस्पतालों पर लगा जुर्माना

**बिजनौर:** स्वास्थ्य विभाग ने दो अस्पतालों पर नियमों की अनदेखी के चलते जुर्माना लगाया है। स्वास्थ्य विभाग ने नगरपालिका की टीम के साथ मिलकर निजी अस्पतालों पर दबिश दी और जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सही निस्तारण नहीं पाया। इसके चलते दो अस्पतालों पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया है। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. सुशील कुमार के अनुसार जैव चिकित्सा अपशिष्ट का सही निस्तारण नहीं करने वाले निजी अस्पतालों पर कार्रवाई की जा रही है। इसके चलते जजी चौक स्थित श्रेया हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर मल्टी स्पेशलिटी पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यहां टीम को अस्पताल के खुले क्षेत्र में जैव चिकित्सा अपशिष्ट पड़ा हुआ मिला।




## राज्यों को जीका वायरस संबंधी परामर्श जारी किया

**नई दिल्ली:** महाराष्ट्र में जीका वायरस के कुछ मामलों की सूचना मिलने के बाद, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के स्वास्थ्य सेवा महानिदेशक (डीजीएचएस) डॉ. अतुल गोयल ने राज्यों को एक परामर्श जारी किया है, जिसमें देश में जीका वायरस की स्थिति पर निरंतर निगरानी बनाए रखने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला गया है। चूंकि जीका प्रभावित गर्भवती महिला के भ्रूण में माइक्रोसेफली और न्यूरोलॉजिकल परिणामों से जुड़ा है, इसलिए राज्यों को सलाह दी गई है कि वे चिकित्सकों को करीबी निगरानी के लिए सतर्क करें।

राज्यों से आग्रह किया गया है कि वे प्रभावित क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाओं या प्रभावित क्षेत्रों से आने वाले मामलों को संभालने वाले लोगों को गर्भवती महिलाओं की जीका वायरस संक्रमण के लिए जांच करने, जीका के लिए सकारात्मक परीक्षण करने वाली गर्भवती माताओं के भ्रूण के विकास की निगरानी करने और केंद्र सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार कार्य करने का निर्देश दें। राज्यों को यह भी निर्देश दिया गया है कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं/अस्पतालों को निगरानी करने और परिसर को एडीज मच्छर मुक्त रखने के लिए कार्य करने के लिए एक नोडल अधिकारी की पहचान करने की सलाह दें। राज्यों को वेक्टर नियंत्रण गतिविधियों को तेज करने के महत्व पर जोर दिया गया है।






Gryphon PHARMACEUTICALS PVT. LTD
GIVING YOUR HEALTH A NEW LIFT
START YOUR OWN BUSINESS
Start your own profitable pharma business by partnering with India's fastest growing Third party manufacturing, Contract manufacturing & PCD Pharma Franchise
We Offers Wide Range
TABLETS, CAPSULES, INJECTABLES, SYRUP, GRANULES, OINTMENT, SOAP, PROTEIN POWDER
Service We Offer
Third party manufacturing
Contract manufacturing
PCD Pharma Franchise
300+ Product Categories · One Time Delivery · Monopoly Rights
Contact Now : +91 63576 36389 , +91 84695 95963
Email : info@gryphonpharmaceutical.com | www.gryphonpharmaceutical.com
Address: D-703, Titanium Square, B/H Divyabhaskar Press, Makarba Ahmedabad, Gujarat 380051

PCD PHARMA
VOLKS BIOTECH
FRANCHISE OPPORTUNITY
Your Enquires are Welcome For PCD/ Franchise & Third Party Manufacturing
We Have More Than 500 Products
We Deals in
TABLETS, CAPSULES, SHAMPOO, SACHET, LIQUID, DRY SYP, SOAP, OINTMENTS, HERBAL PRODUCTS, INJECTABLES
Contact
9138301733, 9138701733
VOLKS BIOTECH
(AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED COMPANY)
ADDRESS
Plot No. 438, Sarswati Vihar Shahpur, 133001
EMAIL:- info@volksbiotech.com
WEBSITE :- www.volksbiotech.com

Chitra R. Narsingh
Manager - Business Development
Email : business@kajbiofarma.com
Mobile : +91-9810966918
KAJ Biofarma LLP
711, 7th Floor, Palm Spring Centre, Above Croma, Near DMart, New Link Road, Malad (W), Mumbai 400 064, India.
Tel:- +91 22 2881 4436 | Web : www.kajbiofarma.com

CHERISOL BC
VITAMIN B- COMPLEX WITH L-LYSINE & MULTIMINERALS SYRUP SYP
CHERISOL LYCO
LYCOPENE WITH VITAMINS & MULTIMINERALS SYRUP SYP
SLS
SOL LIFE SCIENCES INDIA PVT.LTD.
AS - ISO 9001 : 2008 CERTIFIED COMPANY
A.O. FLAT NO. D-902, VENKATESH SERENITY NEAR DSK VISHWA, DHAYARI, PUNE- MAHARASHTRA PIN -411041

GAURAV DESHPANDE
Sales Manager
clyzo
For Your Complex Excipient Need
+91 9100043948
gaurav.d@clyzo.com
Pharmonix Biologicals Private Limited
606, Lodha Supremus-1, Road No. 22, Wagle Estate, Thane (W), Mumbai, 400604, India

9414010975
Vijendra S.Shekhawat
( D.M.)
(FFS-DIVISION)
PARENTERAL SURGICALS LIMITED
CORP OFFICE: Shree Ganesh Chambers, A.B.Road, Navlakha, Indore - 452001
Tel:91-731-2401108, 4092000, 3197834, 3917835 -3917835
Fax:91-0731-2401307,2401052 e-mail: pdpl@pdindia.com
REGD OFFICE:340,Laxmi Plaza,Laxmi Industrial Estate,New Link Road,Andheri (W) Mumbai-53 Tel:0091-66943547,26304940-41 Fax -0091-022-26333763 e-mail: pdpl_mumbai@pdindia.com

## सन फार्मा को यूएसएफडीए ने लगाई फटकार

**नई दिल्ली:** सन फार्मा को अमेरिकी खाद्य एवं औषधि प्रशासन (यूएसएफडीए) का पत्र जारी हुआ है। इसमें सन फार्मा को अपने दादरा स्थित विनिर्माण संयंत्र में दवा निर्माण के लिए उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की पर्याप्त सफाई और रखरखाव करने में विफल रहने पर फटकार लगाई गई है।

**चेतावनी पत्र का ब्यौरा :** सन फार्मा के प्रबंध निदेशक दिलीप सांघवी को 18 जून को चेतावनी पत्र मिला। इसमें अमेरिकी स्वास्थ्य नियामक ने कहा कि उसने 4–15 दिसंबर, 2023 तक केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में संयंत्र का निरीक्षण किया है। यूएसएफडीए का कहना है कि सन फार्मा कंपनी दवा की प्रकृति के अनुरूप सफाई, रखरखाव और उपकरणों तथा बर्तनों को उचित अंतराल पर सैनिटाइज और/या रोगाणुरहित करने में विफल रही है। यह इसलिए जरूरी है कि किसी तरह की खराबी या संदूषण को रोका जा सके। इससे दवा उत्पाद की सुरक्षा, पहचान, शक्ति, गुणवत्ता या शुद्धता में कोई परिवर्तन न हो सके।

## गोदाम पर रेड कर 40 लाख रुपये की नशीली दवाएं कीं जब्त

**बहरोड़:** गोदाम पर छापा मारकर 40 लाख रुपये कीमत की नशीली दवाएं जब्त की गई है। पुलिस ने इस मामले में एक युवक को भी गिरफ्तार किया है। डीएसपी कृष्ण कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि कस्बे के एक गोदाम में नशीली दवाएं सप्लाई की जा रही हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी और गोदाम में सैकड़ों कार्टन दवाओं से भरे हुए जब्त किए। छापेमारी के दौरान चिकित्सा विभाग और औषधि विभाग की टीम भी साथ में रही।

**डॉक्टर चलाता है पूरा रैकेट :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि नशे के खिलाफ बहरोड़ में यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। पूछताछ में आरोपी युवक से पता चला कि ये सभी नशीली दवाएं बहरोड़ नीमराना में सप्लाई होती थी। इस पूरे रैकेट को एक डॉक्टर चलाता है और कोटपुतली से इन दवाओं को बहरोड़ भेजता था। इसके बाद दवा दुकानों पर उनको सप्लाई किया जाता था।

**पकड़ी गई दवाएं प्रतिबंधित :** गोदाम से जब्त की गई नशे की सिरप, टेबलेट और महिलाओं के अबोर्शन की दवाएं प्रतिबंधित हैं। डीएसपी ने बताया कि इस पूरे रैकेट में कई लोग शामिल हैं। गिरफ्तार युवक से पूछताछ में कई खास जानकारियां मिली हैं। जल्द ही सभी आरोपियों की धरपकड़ की जाएगी।

Satendra Pal Singh
Business Executive
Mob. : +91-8077317294
Bio Organics Private Limited
Corporate Office :
603, Augustus, Lodha Paradise, Majiwada, Thane (West)-4006001 Maharashtra- INDIA
E-mail : admin@bioorganics.co.in
Mob : + 91- 9627786503 /04 /06
Website : www.bioorganics.co.in
Finmin
Rose XT
Zytovit

Niraj Shah
Director
Global Pharma
Dedicated to Human Life
C-168, Akurli Indl Premises, Akurli Road, Kandivali (E), Mumbai 400 101 (INDIA)
Board No.: +91 22 4504 4444 • Desk No.: +91 22 4504 4433
• Mobile: +91 98199 94077
Skype: nirajshah82 • Email: sales@globalpharma.in
Website: www.globalpharma.in

RISO
FOOD & NUTRACEUTICALS
Manufacturers of
Quality Nutraceutical & Ayurvedic Products
Wide range of Syrups, Tablets, Capsules, Sachets, Energy Powders, Oils, Protein Powders and Effervescent Tablets Available
For Manufacturing Related Queries
Call 99960 20790
All types of
Third party Manufacturing Enquiries
Own Brand Manufacturing Enquires
Bulk Manufacturing Enquires
Welcome
RISO FOOD & NUTRACEUTICALS
(A Unit of Kim Laboratories Pvt. Ltd.)
Plot No. 28, HSIIDC Phase 1, Saha, Ambala 133 104 (Haryana), India
www.risonutraceuticals.com

PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 11









## अवैध ऑर्थो आइटम जब्त किए, कीमत 70 लाख से ज्यादा

**नागपुर:** अवैध ऑर्थो आइटम जब्त करने में खाद्य एवं औषधि प्रशासन टीम को सफलता मिली है। इनकी कीमत 70 लाख से भी ज्यादा आंकी गई है। खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए) टीम ने बीते सप्ताह धंतोली में छापेमारी के दौरान करीब 70 लाख रुपये कीमत के आर्थोपेडिक प्रत्यारोपण बरामद किए। ज्यादातर आयातित इम्प्लांट बिना लाइसेंस के स्टॉक किए गए थे। एफडीए के संयुक्त आयुक्त (ड्रग), विराज पौनिकर की देखरेख में टीम ने स्टॉकिस्ट को तीन दिनों के भीतर बिल और चालान प्रस्तुत करने का नोटिस दिया। अधिकारी ने बताया कि अगर स्टॉकिस्ट हमें बिल और चालान प्रदान करता है, तभी जब्त की गई सामग्री को कानूनी रूप से खरीदी गई वस्तु माना जाएगा। इसके बगैर उस पर अनियमितता के लिए केस चलाया जाएगा।

## कैंसर की दवा जांच में मिली अवैद्य

**गाजियाबाद:** कैंसर की दवा नकली मिलने पर इसका निर्माण करने वाले आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में केस दर्ज करवाया गया है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने कैंसर की नकली दवाई बनाने वाले चार लोगों को गिरफ्तार किया था। इनकी गिरफ्तारी 11 नवंबर 2022 को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने गाजियाबाद औषधि विभाग के साथ मिलकर लोनी के ट्रोनिका सिटी क्षेत्र के एक घर में छापेमारी के दौरान की थी। आरोपी फिलहाल दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हैं। दिल्ली क्राइम ब्रांच और औषधि विभाग ने करीब डेढ़ वर्ष पहले लोनी में छापेमारी की थी।

## 40 की उम्र के युवा भारतीय वयस्कों में हृदय रोग की बढ़ती घटनाएं

**मुंबई:** हाल के वर्षों में, भारत में युवा आबादी में हृदय रोग की घटनाओं में चिंता. जनक वृद्धि देखी गई है, खासकर 40 की उम्र के लोगों में। यह चिंताजनक प्रवृत्ति न केवल महत्वपूर्ण स्वास्थ्य चुनौतियों को प्रस्तुत करती है, बल्कि परिवारों और व्यापक अर्थव्यवस्था को प्रभावित करते हुए गहरे सामाजिक-आर्थिक निहितार्थ भी लाती है। इसमें, हम इस चिंताजनक वृद्धि में योगदान देने वाले बहुआयामी कारकों पर गहराई से विचार करते हैं और व्यापक प्रारंभिक जांच उपायों को लागू करने के महत्वपूर्ण महत्व पर ध्यान देते हैं। परंपरागत रूप से, हृदय रोग को केवल वृद्ध लोगों को प्रभावित करने वाली स्थिति के रूप में माना जाता है। हालांकि, हाल ही में किए गए शोध ने एक परेशान करने वाले बदलाव की ओर इशारा किया है, जिसमें युवा भारतीयों की बढ़ती संख्या दिल के दौरे और अन्य हृदय संबंधी बीमारियों का सामना कर रही है। इस प्रतिमान परिवर्तन को मुख्य रूप से खराब आहार आदतों, गतिहीन जीवन शैली और बढ़ते तनाव के स्तर की विशेषता वाले जीवनशैली में बदलाव के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। डॉ. तन्मई यरमल युवा भारतीयों में हृदय रोग में वृद्धि के लिए कई जीवनशैली कारकों को प्रमुख योगदानकर्ताओं के रूप में पहचाना गया।

**उच्च रक्तचाप :** उच्च रक्तचाप हृदय रोग के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है। यह अक्सर जीवनशैली तत्वों जैसे अत्यधिक नमक का सेवन, मोटापा और अपर्याप्त शारीरिक गतिविधि से उपजा है। युवा भारतीयों में उच्च रक्तचाप का प्रचलन बढ़ रहा है, जिसमें आहार पैटर्न महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

**मधुमेह :** भारत में मधुमेह के प्रचलन में आश्चर्यजनक वृद्धि देखी गई है, और यह रोग कम उम्र में प्रकट होता है। मधुमेह हृदय संबंधी रोगों के विकास के जोखिम को काफी बढ़ा देता है, जिसमें दिल का दौरा और स्ट्रोक शामिल हैं। युवा भारतीयों में मधुमेह महामारी में योगदान करने वाले कारकों में गतिहीन जीवन शैली, अस्वास्थ्यकर खाने की आदतें और आनुवंशिक पूर्वाग्रह शामिल हैं।

**मोटापा :** प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों की बढ़ती खपत और गतिहीन जीवनशैली के कारण मोटापे की बढ़ती दरें हृदय रोग की घटना में काफी हद तक योगदान देती हैं।

## नशीली दवा की तस्करी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**वीरपुर:** नशीली दवा की तस्करी रोकने में बड़ी सफलता मिली है। मौके से दो तस्करों को नशीली दवा एस्कुफ सिरफ 100 मिली की 50 बोतल एवं एनआरएक्स ट्रामाडोल कैप्सूल की एक हजार कैप्सूल समेत गिरफ्तार किया गया है। एसएसबी 45वीं बटालियन से रिफ्यूजी कॉलोनी बीओपी के जवानों को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर नाक. ाबंदी की गई और मौके से बाइक सवार दो तस्करों को रोक लिया। तस्करों की तलाशी लेने पर उनके पास नशीली दवा मिली। इसके चलते दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया और उनकी बाइक भी जब्त कर ली गई है। दोनों तस्करों को कागजी कार्रवाई के बाद वीरपुर पुलिस को सौंप दिया गया है। जानक. ारी देते हुए एसएसबी 45वीं बटालियन के कमांडेंट गौरव सिंह ने बताया कि सूचना मिली थी कि बनेलीपट्टी से वीरपुर नशीली दवाइयों की तस्करी होने वाली हैं। नरेश कुमार के नेतृत्व में अन्य 04 एसएसबी के कार्मिकों का एक विशेष नाका दल तैयार किया और चिन्हित स्थान पर भेजा। कुछ समय बाद नाका दल ने देखा कि दो व्यक्ति एक काले रंग की बाइक पर एक बोरी लिए आ रहे हैं। नाका दल ने उन्हें रोककर तलाशी ली।















# PALCO

Free consultancy and set up for old / new nursing home, medical center / hospitals, R&D LAB, educational science lab school, all industries lab with trunkey projects in pan India.

Contact : Mr. R.P. PAL / NEERAJ PAL

Call : 9891177191 / 8377951686

1802, FF, Electrical Market, Bhagirath Palace, Chandni Chowk, Delhi 110006


## कोडीन कफ सिरप को कार में रखकर बेच रहे आरोपी दबोचे

**सिधी (मप्र):** कोडीन कफ सिरप को कार में रखकर बेच रहे पांच युवकों को मौके से गिरफ्तार किया गया है। बहरी पुलिस ने 5 आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 575 बोतल नशीली कफ सिरफ बरामद की हैं। आरोपियों से परिवहन में इस्तेमाल स्विप्ट डिजायर कार को भी कब्जे में ले लिया गया है। थाना प्रभारी बहरी राकेश बैस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पड़रिया जंगल में एक सफेद रंग की स्विप्ट डिजायर कार में पांच युवक बैठे हैं और उसमें नशीली सिरप कोरेक्स लिए हुए हैं। वे इसे बेचने के लिए ग्राहकों का इन्तजार कर रहे हैं। सूचना के तहत एक टीम गठित कर मौके पर भेजी गई। वहां सफेद रंग की कार खड़ी दिखी। पुलिस पूछताछ में उन्होंने अपने नाम चालक विष्णु कुशवाहा उम्र 21 वर्ष निवासी ग्राम भड़री, शिवेन्द सिंह चौहान उम्र 22 वर्ष निवासी पडरा रीवा, प्यूष वर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम घोघर रीवा, अभिषेक सरल उम्र 21 वर्ष निवासी विध्यबिहार कालोनी पड़रा, रीवा, सुनील साकेत उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम धनखोरी जिला सीधी का होना बताये। गाड़ी की तलाशी ली गई और डिग्गी में तीन बोरिया मिली। दो बोरियों में कार्टून खोलकर चेक किया तो उसमें ओनरेक्स कफ सिरफ मिली। इसकी गिनती करने पर 575 नग कीमती 2 लाख 30 हजार मिली जिसे जब्त कर आरोपी युवकों से नशीली कफ सिरफ के रखने एवं परिवहन के संबंध में कागजात मांगे। आरोपियों के खिलाफ अधिनियम 1985 की धारा 8/21/22/29 एवं म.प्र. ड्रग कन्ट्रोल एक्ट 5/13 के तहत मामला दर्ज किया है। उनसे 575 नग ऑनरेक्स कफ सिरफ कीमती 2 लाख 30 हजार, 4 नग मोबाईल फोन कीमती 45 हजार, एक नग स्वीप्ट डिजायर कार कीमती 3 लाख कुल कीमत 5 लाख 75 हजार बरामद कर लिए हैं। पांचों आरोपियों को कोर्ट में पेश किया गया है।


Exclusive Range of HERBAL Products

GMP — AN ISO 9001:2008 CERTIFIED COMPANY

FULL CHARGE GOLD CAP — Power Cap. For Men (For Vigour And Vitaliy)
BONE HEALTH TAB. — For More Stronger Bones
LEUCO-QUIT CAP./SYP. — For Leucorrhoea & DysmenorRhoea
DIBE QUIT CAP — For Maintainance of Normal Blood Sugar
PURE-PLATRICH TAB/SYP
FUL CHARGE GOLD TILA — Herbal Oil for Sexual Purpose
PURE-KFT SYP. (SUGAR FREE) — Nephrotonic + Anti Oxidant + Immunomodulation
MEMO SHARP CAP./SYRUP — For Sharpness Of Memmory
ORTHO ACT OIL/CAP/SYP. — Quick Relie From Pains
RE GROW HAIR OIL /CAP. — Hair Regrowth Treatment
PYLO QUIT CAP/CREAM — For Quick Relif Foum Piles
STONE ACT CAP./SYP. — Herbal Alkalinizer For Renal & Kidney Stone
APPYZYME SYP./DROPS — Powerful Herbal Enzyme
KHANSI AMRUT — Sugar Free Cough Syrup
JAMUN KARELA PLUS JUICE — Jamun-1000mg + Karela-750mg + Neem-200mg + Gudmar-250mg + Methi-250mg
CARDIHOP SYP. — Lehsun 2.5ml + Adrak 2.5ml + Nimbu 2.5ml + Sev. 2.5ml
PUREACTIVE MALT — For Complete Nutrition
PURE-PANCHAM TULSI — Extracts of Five Type of Tulsi (Antioxidants)
PRATIKK ONION SEEDS HAIR OIL — Advance Nourishment For Hair
PURE BODY GROW POWDER — For Weight Gain, Increase Energy, & Muscles Development
PRATIKK ONION SEEDS SHAMPOO — Increases Hair Thickness And Makes The Hair Voluminous
TRIFLA PLUS JUICE — Amla – 750mg, Baheda – 750mg, Harad – 750mg, Tulsi – 250mg, Giloy – 250mg
PRATIKK CHYAWANPRASH SPEIAL — Freedom From Illness
FEVOACT SYP. — Best Remedy For Fever

Wanted Franchise from all over India, Nepal & Bhutan

Attractive Terms
Assure Monopoly
Long Lasting Relationship
Committed Dealings
Timely Delivery

We Offers
• Visual Aid • Visiting Cards
• Product Cards • Gift Articles

नोट : आयुर्वेदिक दवाओं के क्रय विक्रय के लिए ड्रग लाईसेंस की आवश्यकता नहीं है, आप स्वयं भी दवाएं मंगवाकर अपना व्यवसाय आरंभ कर सकते हैं

For business Inquiry - 09736701313, 09882011313

AYURMED LIFE CARE

Ayurmed LIFECARE

SCO No. 6, Genrater House, Opp. City Look Hotel, Sai Road, Baddi - 173205 (H.P.)
E-mail: puremedbiotech@gmail.com
Customer Care No. 01795-244446
www.ayurmedlifecare.com


## AUTHORIZED DISTRIBUTORS OF ADR BOOK

| Location | Party Name | Contact No. |
|---|---|---|
| Agra | Satish Book Enterprises | 9997877123 |
| Ahmedabad | Bharat Medical Book House | 9824013920 |
| Akola | Book Emporium | 9422861751 |
| Aligarh | Rama Book Store | 9319275252 |
| Allahabad | Chetana Medical Books | 9307978423 |
| Amritsar | City Book Shop | 0183-2571591 |
| Amritsar | Medical Books & Surgicals Centre | 0183-2422729 |
| Aurangabad | Arihant Excel Medical Book House | 9822259681 |
| Aurangabad | Shri Samarth Book Depot | 9822034577 |
| Belgaun | Shri Ganesh Book Stall | 8312461258 |
| Berhampur | Book World | 9861015189 |
| Bhagalpur | Kora Kagaz | 9771511779 |
| Bhopal | Lyall Book Depot | 0755-2543624 |
| Bhubaneswar | Annapurna Medical Book Shop | 9861243882 |
| Bikaner | Academy Book Centre | 9414138998 |
| Burla | Bharat Book Emporium | 9337335744 |
| Calicut | Ramdas Sotes & Books | 0495-2358398 |
| Chennai | Chennai Medical Book Centre | 044-66246369 |
| Chennai | Shah Medical Books | 9444829937 |
| Coimbatore | Arasu Medical Book House | 9444308567 |
| Coimbatore | Balaji Medical Books | 0422-6725292 |
| Coimbatore | Dass Medical Book Shop | 9443958620 |
| Cuttack | Scientific Book Depot | 9437020414 |
| Delhi | Mirza Book Depot | 9958723206 |
| Delhi | Pawan Book Service | 9810202316 |
| Delhi | R.S.Book Store | 9810546759 |
| Delhi | Sagar Book Depot | 9811680722 |
| Delhi | University Book Store | 9818357577 |
| Dhulea | Koshal Book Shop | 9423916592 |
| Gorakhpur | Medical Book Centre | 9450884543 |
| Gwalior | Anand Pustak Sadan | 9425114555 |
| Indore | New Jain Book Stall | 9926636333 |
| Indore | Scientific Literature Company | 9826299744 |
| Jabalpur | Lords Book Sellers | 9425155125 |
| Jabalpur | Akash Pustak Sadan | 9826563047 |
| Jaipur | Kumar Medical Book Store | 9829610430 |
| Jammu | Bhartiya Pustakalaya | 9796636000 |
| Jammu | Narend Book Depot | 9419114398 |
| Jamnagar | Jay Medical Book Centre | 9925236982 |
| Jodhpur | Book World | 9829088088 |
| Jorhat | Naveen Pustakalaya | 9435514204 |
| Kolhapur | Ajab Pustakalaya | 9881424434 |
| Kolkata | Raj Book House | 9432550891 |
| Kota | R.K.Stationers | 9829087574 |
| Koti Hyderabad | Osmani Medical Book House | 040-64644253 |
| Koti Hyderabad | Paras Medical Books Pvt Ltd. | 040-24600869 |
| Koti Hyderabad | Sharp Medical Book Centre | 040-65544303 |
| Lucknow | Aditya Medical Books Pvt Ltd. | 0522-2611724 |
| Lucknow | Arora Book Agencies | 0522-4046778 |
| Ludhiana | Verma Book Depot | 9872202530 |
| Madurai | Medical Books & International | 9344101063 |
| Meerut | City Book Centre | 0121-4056292 |
| Meerut | Menakshi Prakashan | 0121-2645498 |
| Meerut | R LAL Book Depot | 0121-2666235 |
| Mumbai | The National Book Depot | 022-24131362 |
| Mumbai | Vikas Medical Book House Pvt Ltd. | 022-23010441 |
| Mumbai | Bhalani Medical Book House | 022-24171660 |
| Nagpur | New Medical Book Shop | 9822225591 |
| Nagpur | Book Source | 9850943011 |
| Patna | Current Book Service | 9431077745 |
| Pune | J D Granth Bhandar | 020-24492832 |
| Raipur | S.K.Medical Book House | 9329637397 |
| Raipur | Sristhi Book Stationery Mart | 9300855027 |
| Rajkot | Jay Books Medical Book | 9925236984 |
| Ranchi | Student Book Depot | 0651-2221907 |
| Saharanpur | Hans Pustak Bhandar | 9457449388 |
| Sangli | Tanavade & Sons | 9823049499 |
| Sri Nagar | Doctors Dotkom | 9086454647 |
| Tirupati | Shri Venketswar Book Depot | 9885479105 |
| Trivandram | Professional Book House | 9495951506 |
| Varanasi | Atithi Medical Books | 9307978423 |
| Varanasi | Current Book Agency | 9335015235 |
| Visakhapatnam | Andhra Medical Book Centre | 9985716032 |
| Visakhapatnam | World Medical Book Centre | 9849022192 |


Helax

We Present WHO-GMP manufactured formulation at lowest price

3rd Party Manufacturing

Specialization
- Hormones
- Cephalosprins
- Pencillin
- Non Betalactum Section
- Ayurvedic / Siddha
- Unani Drugs
- Foods
- Natraceuticals (FSSAI) Supplements

Super Specialization
- INFERTILITY
- NEPHROLOGY
- UROLOGY
- CARDIOVASCULAR
- CENTRAL NERVOUS SYSTEM
- ANTI DIABETES
- MUSCULO SKELETAL
- PSYCHO TROPIC
- ANTIBIOTIC
- ANTI-INFECTIVE
- ALIMENTARY
- ANALGESICS

"Supporting your healing hands." Helax

HELAX HEALTHCARE PRIVATE LIMITED

Mr. HARSH GUPTA mfg.helax@gmail.com 7417935356 www.helax.in


## नशीले इंजेक्शन से भरी स्कार्पियो समेत युवक काबू

**रोहतक (हरियाणा)।** नशीले इंजेक्शन से भरी एक स्कार्पियो कार को जब्त करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी ने ये नशे के इंजेक्शन बिहार से कुरियर के जरिए मंगवाए थे। तलाशी में कुल 5650 नशीले प्रतिबंधित इंजेक्शन मिले हैं और इनकी कीमत करीब 40 हजार रुपये है। यहां इन्हें करीब पांच गुना दरों पर बेचा जाता है। पुलिस ने रोहतक के बहु अकबरपुर गांव में एक स्कार्पियो सवार युवक से 5650 प्रतिबंधित इंजेक्शन बरामद किए हैं। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी कि रोहतक के मायना गांव निवासी सुमित नशे का धंधा करता है। और वह नशीले इंजेक्शन लेकर रो. हतक में सप्लाई करने के लिए आ रहा है।

## प्रदूषण का स्वास्थ्य पर व्यापक प्रभाव

वैश्विक स्वास्थ्य के निरंतर विकसित होते परिदृश्य में, प्रदूषण एक मूक लेकिन दुर्जेय शत्रु के रूप में उभरता है, जो मानव स्वास्थ्य पर एक अड़ियल निशान छोड़ता है। जैसा कि हम इस व्यापक जोखिम से जूझ रहे हैं, डेटा स्वास्थ्य पर इसके गहरे प्रभाव को दर्शाता है , खासकर भारत में , जहाँ आँकड़े एक चिंता. जनक तस्वीर पेश करते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) का अनुमान है कि दुनिया भर में 10 में से 9 लोग उच्च स्तर के प्रदूषकों वाली हवा में सांस लेते हैं। जिसमें भारत सबसे अधिक प्रभावित देशों में से एक है। नई दिल्ली जैसे प्रमुख शहरों में, वायु प्रदूषण खतरनाक स्तर तक बढ़ जाता है, जहाँ वायु गुणवत्ता सूचकांक अक्सर कई गुना अधिक सुरक्षित सीमा से ऊपर चला जाता है।


SLC SAFE LIFE CARE

Safe Life Care is WHO/GMP certified pharmaceutical company established in 2015 and situated in Himachal Pradesh (India).

MR. SATPAL JASSAL, 9805021984, 8048771771

ETHICS HONESTY INTEGRITY RESPECT

PRODUCTS
TABLETS
INJECTION
SYRUP
CAPSULES
SUSPENSION
HAND SANITIZER
SAFEKETO SOAP

SLC SAFE LIFE CARE
SCO-1, SS Brother Complex, 2nd Floor, Sai Road, Baddi, Solan, Himachal Pradesh - 173205
Mob.: 9805021984, 8048771771
E-mail : safelifecare@gmail.com | www.safelifecare.co.in

PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:49 AM Page 13






## होम्योपैथिक इंसुलिन टैबलेट पर की जा रही गलत लेबलिंग

**नई दिल्ली।** होम्योपैथिक इंसुलिन टैबलेट पर गलत लेबलिंग की जा रही है। केंद्रीय औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने होम्योपैथिक दवा इंसुलिन टैबलेट को दिए गए लाइसेंस की समीक्षा की मांग की है। गलत लेबलिंग के लिए राजस्थान स्थित इसके निर्माताओं के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है। भारतीय औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) राजीव सिंह रघुवंशी ने राजस्थान सरकार के औषधि नियंत्रक राजाराम शर्मा को इस संबंध में निर्देश जारी किया था। यह कन्नूर के नेत्र रोग विशेषज्ञ और आरटीआई कार्यकर्ता केवी बाबू की शिकायत पर आधारित है, जो भारतीय चिकित्सा संघ के केंद्रीय कार्यसमिति के सदस्य भी हैं। डीसीजीआई को भेजे गए एक मेल में डॉ. बाबू ने बताया था कि इंसुलिन गोलियों पर लेबलिंग भ्रामक थी। इससे मरीज असली इंसुलिन का उपयोग करना बंद कर सकते हैं और उन्हें लेना शुरू कर सकते हैं। दरअसल, इन्हें प्राप्त करना अधिक सुविधाजनक है।डीसीजीआई ने पाया कि लेबलिंग ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स रूल्स का उल्लंघन करती है। इसमें कहा गया है कि किसी भी होम्योपैथिक दवा में एक भी घटक शामिल नहीं है। उसके लेबल पर मालिकाना नाम नहीं होना चाहिए। विवरण अमिट स्याही से मुद्रित होने चाहिए और किसी भी होम्योपैथिक दवा के भीतरी कंटेनर के लेबल पर और कंटेनर को पैक करने वाले हर दूसरे कवर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देने चाहिए। यह मामला 13 फरवरी को केंद्रीय आयुष मंत्रालय और बाद में राजस्थान राज्य के अधिकारियों को भेजा गया था। इसके निर्माता भार्गव फाइटोलैब्स ने 3 मई को अपने जवाब में कहा कि यह राजस्थान राज्य लाइसेंसिंग प्राधिकरण (एसएलए) द्वारा लाइसेंस प्राप्त दवा है। इस पर डॉ. बाबू ने तर्क दिया कि मुद्दा यह नहीं है कि यह लाइसेंस प्राप्त है या नहीं, बल्कि यह है कि क्या एसएलए द्वारा लेबलिंग को गलत तरीके से अनुमति दी गई थी। इसे ठीक करना उनकी जिम्मेदारी थी। आयुष मंत्रालय ने 19 जून को फिर से राजस्थान के अधिकारियों को कार्रवाई के लिए पत्र लिखा। मंत्रालय ने पाया कि निर्माता उत्पाद को इंसुलिन टैबलेट के रूप में ब्रांड नाम के रूप में लेबल कर रहा था।




## दवा रोसिलॉक्स मामले में SC ने सन फार्मा की याचिका कैंसिल की

**नई दिल्लीः** दवा रोसिलॉक्स की अधिक कीमत के मामले में सन फार्मा कंपनी की याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने कैंसिल कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि औषधि (मूल्य नियंत्रण) आदेश, 1995 की सीमित या अतिरंजित व्याख्या नहीं की जा सकती। इस आदेश का उद्देश्य सरकार द्वारा निर्धारित मूल्य पर दवाएं उपलब्ध कराना है। न्यायाधीश संजय कुमार और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने सन फार्मास्युटिकल इंडस्ट्रीज लिमिटेड के इस दावे को रद कर दिया कि वह क्लॉक्सासिलिन-आधारित दवा के ब्रांड रोसिलॉक्स का वितरक नहीं केवल डीलर है। फैसले में कहा गया कि डीपीसीओ के तहत वितरक और डीलर की परिभाषाएं परस्पर अलग-अलग नहीं हैं। पूरी संभावना है कि एक वितरक थोक विक्रेता या खुदरा विक्रेता बनकर दोहरी भूमिका निभा सकता है और इस तरह डीपीसीओ के पैराग्राफ 2(डी) के तहत डीलर की परिभाषा को पूरा कर सकता है। चूंकि अपीलकर्ता ने दोनों भूमिकाएं निभाई हैं। इसलिए उसे डी.पी.सी.ओ. के पैराग्राफ 13 के दायरे से बाहर करना पर्याप्त नहीं होगा। डीपीसीओ के हवाले से पीठ ने कहा कि इसका उद्देश्य और इरादा आम आदमी को औषधियों के फॉर्मूलेशन उपलब्ध कराने की कीमतों को नियंत्रित करना है। अदालत ने कंपनी की अपील को निराधार बताते हुए खारिज कर दिया, क्योंकि उसे दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में कोई त्रुटि नहीं मिली। दवा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी 8 फरवरी, 2005 को जारी किए गए एक मांग नोटिस से व्यथित थी। इसमें अप्रैल 1996 से जुलाई 2003 की अवधि के लिए 2,15,62,077 रुपये की अधिक वसूली गई मूल राशि का भुगतान करने का अनुरोध किया गया था। तत्पश्चात, उसे ब्याज सहित अधिक वसूली गई राशि, जो कुल मिलाकर 4,65,08,333 रुपये थी, जमा करने का निर्देश दिया गया था। यह मांग नोटिस राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण द्वारा जारी किया गया था। कंपनी का दावा था कि वह निर्माता, आयातक या वितरक नहीं है। इस पर पीठ ने कहा कि हमने पाया कि एनपीपीए द्वारा जारी नोटिसों के जवाब में अपीलकर्ता द्वारा दायर जवाबों से स्पष्ट रूप से पता चलता है कि अपीलकर्ता ने निर्माता से ही दवा की खरीद की बात स्वीकार की है। इस प्रकार, अपने जवाबों में उसके स्वयं के स्वीकारोक्ति के अनुसार, अपीलकर्ता का प्रत्यक्ष निर्माता के साथ सीधा संपर्क था। अदालत ने कहा कि डीपीसीओ में परिभाषित डीलर वह थोक विक्रेता या खुदरा विक्रेता होगा जो दवा की खरीद या बिक्री करता है। इसके तहत परिभाषित वितरक में दवाओं का वितरक या निर्माता द्वारा नियुक्त स्टॉकिस्ट शामिल होगा।

## सील अस्पताल को खोलकर किया इलाज, अस्पताल संचालक का पिता Arrest

**अंबेडकर नगरः** सील अस्पताल को खोलकर इलाज करने के दौरान महिला मरीज की मौत होने का मामला प्रकाश में आया है। प्रशासन ने अस्पताल संचालक के अलावा उसके भाई व पिता के खिलाफ पुलिस में केस दर्ज करा दिया है। मामले में अस्पताल संचालक के पिता को गिरफ्तार कर लिया गया है। संबंधित अस्पताल को अब नए सिरे से सील किया है और इस लापरवाही पर रामनगर सीएचसी प्रभारी को ट्रांसफर करने के निर्देश दिए गए हैं। आलापुर में नेशनल हॉस्पिटल को 18 जून को छापेमारी के दौरान सील कर दिया गया था। संचालक के खिलाफ थाने में केस भी दर्ज कराया गया था। हालांकि अस्पताल को सील करने में सिर्फ फर्ज अदायगी निभाई गई। एक कक्ष को ही सील करने के चलते अस्पताल संचालक ने अन्य कक्ष में फिर से अवैध ढंग से संचालन शुरू कर दिया। एक दिन पहले वहां इसौरी नसीरपुर निवासी पिंटू ने अपनी पत्नी रागिनी को प्रसव के लिए भर्ती कराया था।

## पांच मेडिसिन के सैंपल जांच में मिले फेल

**जयपुरः** पांच मेडिसिन के सैंपल जांच में फेल पाए गए हैं। इसके चलते राजस्थान मेडिकल सर्विसेज कॉर्पोरेशन ने संबंधित कंपनियों पर बैन लगा दिया है। वहीं, 33 दवाओं की सप्लाई नहीं करने पर भी कई फार्मा को प्रतिबंधित किया है। जिन कंपनियों की दवाई जांच में फेल मिली है और दवा की सप्लाई लगातार नहीं की, वे फार्मा कंपनियां दवाओं के आगामी तीन वर्ष तक टेंडर में भाग नहीं ले सकेंगी। दवाओं की गुणवत्ता एवं समय पर सप्लाई सुनिश्चित करने की दिशा में यह एक अहम कदम माना जा रहा है। आरएमएससी की प्रबंध निदेशक नेहा गिरि के अनुसार मेडिकल साई पैरेंट्रलस को हेपरिन सोडियम इंजेक्शनए मै. मेडीपोल फार्मास्यूटिकल को एनालाप्रिल मेलियट टेबलेट, मेडिकल मेक्का इंडस्ट्रीज को यूरिन बैग के सैंपल फेल मिल हैं। इन दवाओं की सप्लाई के लिए निश्चित समय के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसी प्रकार मेडिकल डी.डी. फार्मास्युटिकल्स को एल्प्राजोलम टेबलेट तथा मै. सन लाइफ साइंसेज को सैफूरोक्सिम एक्सेटिल टेबलेट के सैंपल अमानक पाए जाने पर दवाओं की सप्लाई के लिए प्रतिबंधित किया गया है। हर सप्लाई की गई दवा के प्रत्येक बैच की गुणवत्ता जांच निगम द्वारा अनुमोदित लैब में करवाई जाती है। जांच में सही पाए जाने पर ही अस्पतालों में इन दवाओं की सप्लाई की जाती है।




## ऑनलाइन दवा पर नीति नहीं बना पाई सरकार, दिल्ली HC ने दी वार्निंग

**नई दिल्लीः** ऑनलाइन दवा पर निर्धारित समय सीमा में केंद्र सरकार नीति नहीं बना पाई है। इसके चलते दिल्ली HC ने केंद्र सरकार को फटकारा है। कोर्ट ने केंद्र सरकार को वार्निंग के साथ इस मामले की सुनवाई 3 सितंबर, 2024 को तय की है। दिल्ली स्थित साउथ केमिस्ट्स एंड डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अनुसार केंद्र सरकार ने दिल्ली हाईकोर्ट को बताया है कि वह निर्धारित समय सीमा में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के लिए नीति नहीं बना पाई है। दिल्ली हाईकोर्ट ने इस साल मार्च में सरकार को नीति बनाने के लिए चार महीने का अंतिम अवसर दिया था। कोर्ट ने चेताया था कि केंद्र इसे नहीं कर पाता तो वह इस मामले को मेरिट के आधार पर सुनेगा। केंद्र ने अगस्त 2018 में ऑनलाइन दवाओं की बिक्री के लिए एक मसौदा अधिसूचना जारी किया था। इसके बाद ये याचिकाएं दायर की गई थीं। याचिकाओं में तर्क दिया गया कि दवाओं और प्रिस्क्रिप्शन दवाओं की ऑनलाइन बिक्री अवैध है और कानून का कोई आदेश नहीं है। दिसंबर 2018 में, दिल्ली हाईकोर्ट ने ई-फार्मेसियों द्वारा दवाओं की ऑनलाइन बिक्री रोकने का आदेश पारित किया था। इसके लिए ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट, 1940 और फार्मेसी एक्ट, 1948 के तहत अनुमति नहीं थी। मंत्रालय तब से नीति बनाने के लिए समय विस्तार का अनुरोध करता आ रहा है।




## जुलाई एवं अगस्त माह के व्रत एवं त्यौहार

| | |
|---|---|
| 21.07.2024 | गूरूपूर्णिमा |
| 23.07.2024 | चन्द्रशेखर जयंति |
| 25.07.2024 | नागपंचमी |
| 31.07.2024 | एकादशी |
| 02.08.2024 | मासशिवरात्रि |
| 04.08.2024 | फ्रेंडशिपडे |
| 07.08.2024 | हरियालीतीज |
| 11.08.2024 | श्री तुलसीदास जयंती |
| 15.08.2024 | स्वतंत्रता दिवस |





4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।




## कैंसर : 10 रुपये की दवा एक लाख में बेचता था गिरोह

**नई दिल्ली:** कैंसर की नकली दवा बेचने वाले रैकेट के खिलाफ पुलिस ने चार्जशीट दाखिल की है। आरोपपत्र में बताया गया है कि इस रैकेट में आधा दर्जन अस्पतालों के कर्मचारी शामिल थे। यह गैंग 10 रुपये की फंगल इंफेक्शन की दवा भरकर इसे बाजार में एक लाख रुपये में बेचता था। यही नहीं, आरोपी अस्पताल में इस्तेमाल हो चुकी दवा की खाली शीशी तीन से पांच हजार में, जबकि भरी हुई शीशी चोरी कर 40 से 50 हजार रुपये में गिरोह को देते थे। बता दें कि मार्च माह में अपराध शाखा ने मोती नगर स्थित डीएलएफ फ्लैट से कैंसर की नकली दवा तैयार करने वाले गिरोह को पकड़ा था। इस मामले में सरगना समेत 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें मुख्य सरगना विफिल जैन है। सूरज उसके लिए नकली दवा तैयार करता था। खाली शीशी लाने और दवा बेचने का काम नीरज चौहान और तुषार चौहान संभालता था। इस रैकैट में आधा दर्जन अस्पतालों के कर्मचारी परवेज, कोमल तिवारी, अभिनय, रोहित सिंह, जितेंद्र, माजिद और साजिद को भी गिरफ्तार किया है।

यह अस्पताल में इस्तेमाल होने वाली दवा की खाली शीशी और चोरी की गई दवा इस गैंग को बेचते थे। आरोपपत्र में बताया गया है कि कैंसर की नकली दवा बनाने के लिए आरोपियों को असली दवा की खाली शीशी चाहिए थी। इसके लिए उन्होंने विभिन्न अस्पतालों के कैंसर वार्ड में काम करने वाले कर्मचारियों को गिरोह के साि जोड़ा। खाली शीशी में आरोपी फंगल इंफेक्शन रोकने वाली दवा भरते थे। एक शीशी में लगभग 10 रुपये की दवा भरी जाती थी। इसके बाद आरोपी उसे बाजार से कम कीमत (90 हजार से लेकर 1.20 लाख तक) पर कैंसर पीडित परिवार को बेच देते थे। इसके लिए उन्होंने इंडिया मार्ट पर खुद को पंजीकृत करवा रखा था। वहां से ऑर्डर मिलने पर वह कूरियर के माध्यम से लोगों को यह दवा बेच देते थे। आरोपपत्र में उन आठ लोगों का बयान शामिल किया गया है, जिन्होंने इन जालसाजों से नकली दवा अपने परिवार के सदस्यों के लिए खरीदी थी। इनमें से एक शख्स की पत्नी ने दवा लेने के कुछ दिन बाद ही दम तोड़ दिया था। बिहार के मधुबनी निवासी मनीष ने पुलिस को बताया है कि उनकी पत्नी को मुंह और फेफड़े का कैंसर था।




## मसल्स बनाने के पाउडर का भ्रामक दावा, कंपनी पर लगा जुर्माना

**मुंबई:** मसल्स बनाने के पाउडर का भ्रामक दावा करने की आरोपी कंपनी पर 1.1 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। उपभोक्ता आयोग ने एक पोषण अनुपूरक फर्म को निर्देश दिया है कि वह पवई स्थित एक फिटनेस बनाने के इच्छुक युवक को 1.1 लाख रुपये का भुगतान करे। बताया गया कि पीडित ने 1,599 रुपये के प्रोटीन पाउडर को पिछले साल ऑनलाइन खरीदा था। इसमें हानिकारक तत्व मौजूद मिले। कंपनी बिग मसल्स न्यूट्रिशन प्राइवेट लिमिटेड पर आरोप है कि अज्ञात अमीनो एसिड को शामिल करके उत्पाद की प्रोटीन सामग्री को कृत्रिम रूप से बढ़ाने का प्रयास किया। वहीं, उत्पाद में चीनी और कार्बोहाइड्रेट का उच्च स्तर प्रदर्शित हुआ। आयोग ने कहा कि उक्त उत्पाद का प्रयोगशाला परीक्षण निश्चित रूप से चिंता का कारण है और प्रतिकूल प्रभावों को पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। शिकायतकर्ता राहुल शेखावत ने उत्पाद की आलोचना करने वाली ऑनलाइन समीक्षा देखने के बाद एक प्रतिष्ठित प्रयोगशाला में परीक्षण कराया था। आयोग ने आदेश दिया कंपनी को परीक्षण और उत्पाद के लिए खर्च किए गए 36,409 रुपये की प्रतिपूर्ति करनी होगी।

बताया गया है कि इस तरह के प्रोटीन युक्त पाउडर के सेवन से सिरदर्द, मुँहासे, सूजन, मतली और दस्त जैसे अल्पकालिक दुष्प्रभाव हो सकते हैं। इसके लंबे समय तक सेवन करने से दीर्घकालिक हृदय संबंधी समस्याएं और लीवर की क्षति हो सकती है। आयोग के अनुसार प्रयोगशाला रिपोर्टों से पता चला है कि ब्रांड के लेबल ने प्रोटीन सामग्री की प्रकृति के बारे में कई झूठे दावे किए थे। ग्राहक को बेचे गए उत्पाद की सामग्री के बारे में गलत दावा करना, जो ग्राहक के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। यह कंपनी की ओर से निश्चित रूप से सेवा में कमी है और यह जानने के बावजूद कि प्रोटीन-स्पाइकिंग उपभोक्ताओं को गुमराह कर रहा है, कंपनी ने भ्रामक और कपटपूर्ण तरीके से उत्पाद का विज्ञापन व बिक्री कर रही है।




## झोलाछाप डॉक्टरों के तीन अवैध क्लीनिकों पर रेड, दे रहे थे एंटीबायोटिक्स और स्टेरॉयड

**हैदराबाद:** झोलाछाप डॉक्टरों के तीन अवैध क्लीनिकों पर छापेमारी की गई है। यह कार्रवई तेलंगाना मेडिकल काउंसिल के अधिकारियों ने करीमनगर में की। निरीक्षकण के दौरान झोलाछाप डॉक्टरों को क्लीनिकों में मरीजों को पर्चे लिखते हुए पाया गया। वे एंटीबायोटिक्स और स्टेरॉयड दे रहे थे और साथ ही क्लीनिकों में इनपेशेंट बेड भी चला रहे थे। यह राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग अधिनियम, 2019 के अनुसार अवैध है।

**इन क्लीनिकों पर की गई रेड :** करीमनगर शहर में वेंकटेश्वर क्लिनिक, लक्ष्मी क्लिनिक और ललिता पाली क्लिनिक पर छापेमारी की गई। इन झोलाछाप डॉक्टरों पर धारा 34 के अनुसार संबंधित पुलिस स्टेशनों में और तेलंगाना मेडिकल काउंसिल रूल्स 2013 के तहत मामले दर्ज किए जाएंगे। इससे पहले मई में सूर्यपेट और नलगोंडा जिलों में प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों पर कई छापे मारे गए थे। इसमें बिना उचित चिकित्सा योग्यता के डॉक्टर के रूप में खुद को पेश करने वाले 55 व्यक्तियों की पहचान की गई।

ये झोलाछाप डॉक्टर एंटीबायोटिक्स, गर्भपात की गोलियाँ, स्टेरॉयड इंजेक्शन देते और अवैध रूप से गुप्त गर्भपात प्रक्रियाएँ करते पाए गए। हैदराबाद के चिंतल, शापुर क्षेत्रों में संचालित अयोग्य झोलाछाप डॉक्टरों के केंद्रों का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षणों से पता चला कि ये नकली डॉक्टर लोगों का इलाज कर रहे थे। वे उच्च खुराक वाली एंटीबायोटिक्स लिख रहे थे और विभिन्न शल्य चिकित्सा उपकरणों का इस्तेमाल भी कर रहे थे। इन फर्जी डॉक्टरों के अवैध मेडिकल शॉप और डायग्नोस्टिक सेंटर भी खोले हुए मिले थे।

www.medicaldarpan.com





## स्वास्थ्य विभाग की रेड, हेल्थ केयर अस्पताल किया सील

**मुरादाबाद:** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से चलाए जा रहे सलमा नासिर हेल्थ केयर अस्पताल को सील कर दिया है। निरीक्षण के दौरान यहां पर अवैध लैब भी संचालित मिली। टीम ने दोनों पर सील लगाने के साथ ही थाना मझोला में एफआईआर दर्ज करा दी है। नोडल अधिकारी वैक्स/उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के तहत रहमत नगर के सलमा नासिर हेल्थ केयर का निरीक्षण किया। मौके पर क्लीनिक में आरिफ (18 वर्ष) निवासी जयंतीपुर ब्लड सैंपल लेते हुए मिला। पता चला कि आरिफ 11वीं का छात्र है और दो माह से सैंपल एकत्र करता था। इसके अलावा क्लीनिक में डींगरपुर निवासी सना खान खाना बनाने का कार्य करती मिली। टीम को स्वाले खां ने अपनी योग्यता बीएससी और आसिम ने अपनी योग्यता डीएमएलटी बताई।

**पैथोलॉजी लैब भी संचालित मिली :** इन्होंने लैब टेक्नीशियन का कार्य करना बताया है। मौके पर आठ बेड, एक बेड एनआईसीयू, एक फोटोथेरेपी मशीन एवं ओटी संचालित मिली। स्टाफ ने सलमा नासिर को हॉस्पिटल की संचालक बताया। स्वास्थ्य विभाग की टीम को मौके पर पैथोलॉजी लैब भी संचालित मिली। इसके लेटर हेड पर डॉ. मोहम्मद आसिम, डीएमएलटी और डॉ के कुमार, एमडी पैथोलॉजी लिखा मिला। लेकिन दोनों में से कोई भी मौके पर नहीं मिला। पैथोलॉजी लैब में ब्लड कलेक्शन बैग, माइक्रोस्कोप, सेन्ट्रीफयुज, ब्लड रोलर, सेल काउंटर, मोनीटर आदि सामान मिले। डॉ. नरेंद्र कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान दवाइयां भी मिली हैं। इनमें मल्टीविटामिन, बीटामेथासोन सोडियम फास्फेट, रेनिटिडीन आदि शामिल हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल का पंजीकरण नहीं करवाया गया है। हेल्थ केयर में कोई भी प्रशिक्षित चिकित्सक एवं पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित नहीं पाया गया। वहीं ,फायर सेफ्टी एवं बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेंट की कोई व्यवस्था नहीं पाई गई। वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर अवैध रूप से चलाए जा रहे सलमा नासिर हेल्थ केयर अस्पताल को सील कर दिया है।




4 वर्ष तक घर बैठे यह समाचार पत्र पढ़ने के लिये हमारे पंजाब नैशनल बैंक के खाता संख्या 1824002100118703, IFSC Code - PUNB0145020 जो कि फार्मा दर्पण के नाम से है, में रू० 500/- जमा कर अपना पूरा पता हमारे फोन नं०- 7037629158 पर SMS कर दें।

PD PAPER JULY 2024_32 Inch January. 2021.qxd 2/28/2025 9:50 AM Page 15












## डायबिटीज को जड़ से खत्म करेगी यह नई दवा, खुद बनने लगेंगे बीटा सेल्स

**नई दिल्ली:** डायबिटीज को जड़ से खत्म करने में सहायक नई दवा बनाने में वैज्ञानिकों को सफलता मिली है। इस ड्रग थेरेपी में बीटा सेल्स को सक्रिय कर इंसुलिन के प्रोडक्शन को 700 प्रतिशत तक बढ़ सकता है।

**डायबिटीज हो सकेगी रिवर्स :** गौरतलब है कि अब तक यह माना जाता है कि डायबिटीज को रिवर्स नहीं किया जा सकता है, लेकिन नई थेरेपी से डायबिटीज को रिवर्स किया जा सरता है। चूहों पर इसका प्रयोग शत प्रतिशत तक सफल रहा है। अगर इंसानों पर भी यह सफल रहा तो करोड़ों लोगों के लिए यह वरदान साबित होगी। अगर पैंक्रियाज स्वस्थ हों तो इसमें से बीटा सेल्स इंसुलिन का सही से उत्पादन करते है और सेल्स खराब हो तो इंसुलिन का प्रोडक्शन कम हो जाता है। आमतौर पर बीटा सेल्स डैमेज हो जाता है या काम नहीं करता। इसी कारण खतरनाक किस्म वाली डायबिटीज के रोगियों को रोजाना इंसुलिन लेना पड़ता है। अब न्यूयॉर्क के माउंड सिनाई और सिटी ऑफ होप के वैज्ञानिकों ने ड्रग थेरेपी के माध्यम से बीटा सेल्स को सक्रिय करने की विधि का चूहों पर सफल प्रयोग किया है।

**शरीर में खुद बनने लगेंगे बीटा सेल्स :** नई स्टडी में दवा के माध्यम से शरीर के अंदर खुद ही बीटा सेल्स बनने लगेंगे। इसके बाद तीन महीनों के अंदर इंसुलिन का पर्याप्त प्रोडक्शन होने लगेगा। बताया गया है कि इस थेरेपी में दो दवाइयां हैं–हारमाइन जो कुछ पौंधों में पाया जाने वाला नेचुरल कंपाउड है और दूसरी दवा है रिसेप्टर। यह वजन कम करने वाली ओजेंपिक दवाइयां है। वैज्ञानिकों ने इंसान के खराब बीटा सेल्स का चूहे में प्रत्यारोपण किया। इसके बाद इस थेरेपी से इसे टीक किया गया है। अध्ययन में पाया गया कि तीन महीनों के अंदर बीटा सेल्स में 700 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई।




## मेडिकल स्टोर से 30 दवाओं के सैंपल लिए, स्टोर सील

**चंबा:** मेडिकल स्टोर से 30 दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए कंडाघाट स्थित विभागीय प्रयोगशाला में भेजा गया है। यह कार्रवाई चुराह विधानसभा क्षेत्र में दवा निरीक्षक ने निजी संस्था के दवा स्टोर पर की। बताया गया है कि लैब में एक्सपर्ट पूरी बारीकी के साथ दवाइयों की गुणवत्ता को जांचेंगे।

**दवा स्टोर किया सील :** गौरतलब है कि स्वास्थ्य विभाग ने इस संस्था के दवा स्टोर को पहले ही सील कर दिया है। टीम को यहां निरीक्षण के दौरान 116 प्रकार की दवाइयां मिली थीं। ये दवाएं बिना लाइसेंस के वहां रखी गई थीं। बताया गया है कि यह संस्था चुराह सहित अन्य क्षेत्रों में लोगों को मुफ्त दवाइयां उपलब्ध करवा रही थी। ऐसे में इन दवाइयों की गुणवत्ता जांचना और भी ज्यादा जरूरी है। कि रोजाना लोगों को ये दवाई संस्था की तरफ से दी जा रही थी। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग दवाइयों की गुणवत्ता की जांच करवाने के लिए सजग हो गया है। इसके चलते संस्था के स्टोर से विभिन्न प्रकार की 30 दवाइयों के सैंपल भरे गए हैं। इन्हें विभाग ने जांच के लिए कंडाघाट भेज दिया है। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद विभाग आगामी कार्रवाई करेगा। गौरतलब है कि जिस संस्था के स्टोर को सील करने के साथ विभाग ने दवाइयों के सैंपल भरे हैं, वह कुछ सालों से चंबा के लोगों को घर-द्वार स्वास्थ्य जांच के साथ निशुल्क दवाइयां दे रही है। ऐसे में यदि दवाइयों का सैंपल फेल होता है तो संस्था के कार्य पर भी सवालिया निशान उठ सकते हैं। असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर मनीष कपूर ने बताया कि जिस स्टोर को सील किया गया था, वहां रखीं दवाइयों की गुणवत्ता जां. चने के लिए 30 दवाइयों के सैंपल भरे गए हैं। मेडिकल स्टोर से 30 दवाओं के सैंपल लेकर जांच के लिए कंडाघाट स्थित विभागीय प्रयोगशाला में भेजा गया है। इनकी जांच रिपोर्ट आने के बाद ही कोई कार्रवाई होगी।

## बंद मेडिकल स्टोर पर छापेमारी, लाखों रुपये के कैप्सूल बरामद

**मोगा (पंजाब):** बंद मेडिकल स्टोर से लाखों रुपये के कैप्सूल बरामद करने में औषधि विभाग को सफलता मिली है। औषधि विभाग की टीम ने गुप्त सूचना मिलने पर जीरा रोड पर बंद पड़ी दुकान राजेश मेडिकोज पर छापेमारी की। इस दौरान सीआईए स्टाफ के प्रभारी इंस्पेक्टर दलजीत सिंह बराड़ भी मौजूद रहे। टीम ने मौके से 61260 प्रीगैबलीन 300 कैप्सूल जब्त किए। इनकी कुल कीमत 21 लाख 44 हजार एक सौ रुपए बनती है। मोगा के ड्रग इंस्पेक्टर नवदीप सिंह संधू ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मोगा के जीरा रोड पर श्री फार्मा के मालिक ने राजेश मेडिकोज नाम से लाइसेंस लिया हुआ है। उन्होंने एक दुकान को जीरा रोड पर किराए पर लिया हुआ है। जहां पर भारी मात्रा में प्रीगैबलीन 300 स्टोर किया हुआ है। उन्होंने तुरंत संबंधित विभाग को सूचित किया और पुलिस विभाग को भी सूचना दी। सीआईए स्टाफ मोगा के प्रभारी इंस्पेक्टर दलजीत सिंह बराड़ की अगुआई में टीम ने दुकान पर छापेमारी की। मौके से 61260 प्रीगैबलीन 300 कैप्सूल बरामद किए। इनकी बाजारी कीमत 21 लाख 44 हजार 1 सौ रुपये आंकी गई है। बताया गया कि उक्त छापेमार कार्रवाई की रिपोर्ट उच्चधिकारियों को भेज दी गई है और आदेशों के अनुसार आरोपी दुकानदार के खिलाफ आगामी कार्रवाई की जाएगी।







## फेंसिडिल कफ सिरप की तस्करी रोकी, पांच करोड़ की सिरप जब्त

**कोलकाता:** फेंसिडिल कफ सिरप की तस्करी रोकने में पुलिस को भारी सफलता मिली है। जब्त सिरप की कीमत पांच करोड़ रुपये बताई गई है। मौके से दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने यह कार्रवाई कूचबिहार जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के घुघुमारी में की। एसटीएफ के एसपी इंद्रजीत बसु ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर एक 14-पहिया ट्रक को रोका और उसकी तलाशी ली। तलाशी के दौरान आम के बड़े लदान के नीचे छिपाकर रखी फेंसिडिल कफ सिरप की 37 हजार 500 बोतल मिली। गिरफ्तार युवकों में सुनीत मिश्रा (21) और लवकुश कौल (20) शामिल हैं और दोनों आरोपी उत्तर प्रदेश के रेव के निवासी हैं। ट्रक का पंजीकरण नागालैंड का है। पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम के तहत कोचबिहार कोतवाली थाने में मामला दर्ज किया गया है।










## आयुर्वेदिक तेल बेचने वाली कंपनी पर 10 लाख जुर्माना, ये है मामला

**नई दिल्ली:** आयुर्वेदिक तेल बेचने वाली कंपनी पर 10 लाख रुपये जुर्माना लगाया है। यह आदेश केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने जारी किए। जोड़ों के दर्द से राहत देने वाले उत्पाद धुआंधार ऑयल के प्रचार में भ्रामक विज्ञापन देकर नियमों का उल्लंघन करने पर इंदौर की डायरेक्ट-सेलिंग कंपनी इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क एलएलपी पर यह जुर्माना लगा है। सीसीपीए आदेश के अनुसार इंडिया डिस्ट्रीब्यूशन नेटवर्क ने एक विज्ञापन में दावा किया है कि तेल का उपयोग आपको बिना किसी सर्जरी या फिजियोथेरेपी के भी फिट बनाता है। अन्य विज्ञापनों में दावा किया गया कि यह दुनिया का पहला हॉटस्ट्रीम जोड़ों के दर्द से राहत देने वाला तेल है और दुनिया में इस उत्पाद का कोई समानांतर नहीं है। इस तेल से मरीजों को जोड़ों के दर्द, कठोरता और सूजन से तुरंत राहत मिलती है। जांच और सुनवाई के दौरान कंपनी किसी भी दावे को साबित नहीं कर सकी। बता दें कि सरकार ने डायरेक्ट-सेलिंग उद्योग पर लगाम लगाने के लिए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत नियमों को सख्त करने के लिए एक टीम गठित करने की योजना बनाई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि विभाग उपभोक्ता संरक्षण (प्रत्यक्ष बिक्री) नियम, 2021 के उल्लंघन के लिए डायरेक्ट-सेलिंग कंपनियों के खिलाफ दायर शिकायतों की जांच कर रहा है। इन शिकायतों का आकलन करने के बाद अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए एक योजना तैयार करेगा। कंज्यूमर वॉयस के सीईओ आशिम सान्याल ने कहा कि गलती करने वाली कंपनियों पर जुर्माना लगाना दूसरों के लिए एक सबक होगा और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने में मदद करेगा। यह पाया गया कि कंपनी के दावे में सहायक दस्तावेजों या वैज्ञानिक सबूतों का अभाव था। इससे पता चलता है कि यह अतिरंजित और भ्रामक था। कंपनी का यह दावा कि एथलीट फिटनेस के लिए उत्पाद का इस्तेमाल करते हैं, निराधार है। आदेश में कहा गया है कि कंपनी ने दावा किया कि धुआंधार ऑयल' एक अच्छी विनिर्माण प्रथाओं-प्रमाणित सुविधा में उत्पादित होता है और मध्य प्रदेश खाद्य एवं औषधि प्रशासन (एफडीए मध्य प्रदेश) द्वारा अनुमोदित है। जबकि जांच में पाया गया कि मध्य प्रदेश में उत्पाद का लाइसेंस 27 सितंबर 2021 को समाप्त हो गया और इसका नवीनीकरण नहीं किया गया।











## ये फार्मा कंपनी अमेरिका में बेचेगी मिर्गी की दवाई, मिली मंजूरी

**मुंबई:** फार्मा कंपनी ग्लेनमार्क फार्मास्युटिकल्स (ग्लेन फार्मा) मिर्गी की दवा जेनेरिक टॉपिरामेट कैप्सूल को जल्द ही अमेरिका के बाजारों में बेचेगी। अमे. रिका के हेल्थ रेगुलेटर ने इस दवा को मंजूरी दे दी है। बता दें कि टॉपिरामेट कैप्सूल मिर्गी जैसे गंभीर दौरे के इलाज में रामबाण साबित होती है। फार्मा कंपनी का अमेरिकी बाजार में पहले से ही 198 प्रोडक्ट्स का एक मजबूत पोर्टफोलियो है और अभी 50 और दवाओं की मंजूरी का इंतजार है।

अब ये दवा 15 एमएम, 25 एमएम की क्षमता में भी उपलब्ध होगी। ग्लेनमार्क फार्मा की यह दवा जैनसेन फार्मास्युटिकल्स के टॉपामैक्स का एक किफायती विकल्प है। अमेरिकी बाजार में टॉपामैक्स की सालाना बिक्री लगभग 21.9 मिलियन डॉलर की है। ऐसे में कंपनी को उम्मीद है कि टॉपरिमेट कैप्सूल भी अमेरिका के बाजार में अपनी जगह बनाने पर कामयाब होगी। कंपनी का कहना है कि वह विकास को ज्यादा गति देने के लिए बाहरी पार्टनरशिप पर भी ध्यान दे रही है। फार्मा कंपनी की 11 विश्व स्तरीय मैन्युफैक्चरिंग फैसिलिटी हैं और इनका 80 से ज्यादा देशों में संचालन जारी है।




नीरू गर्ग स्वामी की ओर से ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा प्रकाशित, ब्रजेश कुमार गर्ग द्वारा मुद्रित तथा कला ज्योति एण्ड पैकिंग लिमिटिड नोएडा, गौतम बुद्ध नगर में मुद्रित एवं के० पी० रोड, बुलन्दशहर से प्रकाशित, सम्पादक – ब्रजेश कुमार गर्ग